तापमान

अधिकतम 38 डिग्री

न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, रविवार, 6 अप्रैल 2025

भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर



13 3 समितियों में भाजपा नहीं बना पाई सभापति





16 83 फीसदी किसानों ने ही जमा की राशि, अब ब्याज के साथ होगी वसूली









## खबर संक्षेप

### फ्लैक्स चोरी की शिकायत

**भिलाई।** सरकार ने स्वच्छता के जागरूकता के लिए एक दिन पहले ही फ्लैक्स लगाया था। दूसरे दिन अज्ञात ने फ्लैक्स चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना की शिकायत निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने पुलिस ने किया है। पत्र में बताया गया है कि जो भी बदमाश होगा पुलिस उस पर कार्रवाई करेगी। कोसा नाला पाथवे पर नेशनल हाईवे के ऊपर 110 बाई 8 के साइज का स्वच्छ भारत अभियान का एक बड़ा फ्लैक्स लगाया था। नगर निगम की टीम ने बीते 2 अप्रैल को फ्लैक्स फुट ओवर ब्रिज में लगाया गया था। 3 अप्रैल को देखा कि वहां से फ्लैक्स गायब है। इसके बाद आयुक्त के आदेश पर सुपेला पुलिस पुलिस में जोन 1 के सहायक राजस्व अधिकारी प्रसन्न कुमार तिवारी ने शिकायत किया। निगम शासन की राशि से शहर का सौंदर्यीकरण और उद्यानों का विकास करती है। लेकिन अज्ञात चोर उद्यानों में लगे फैंसिंग वायर, लोहे के ग्रिल, बाउंड्रीवाल, नगर निगम के मोटर पंप में लगे केबल वायर को काट कर चोरी कर ले जाते हैं।

### ट्रेन से 65 लाख की चोरी टीम बिलासपुर रवाना

**भिलाई।** शिवनाथ एक्सप्रेस के एसी कोच से महिला के पर्स समेत 65 लाख रुपए के डायमंड ज्वेलरी गायब होने के मामले में जीआरपी के हाथ सुराग नहीं मिल पाया है। मिली जानकारी के मुताबिक टीम गोंदिया, डोंगरगढ़, पावर हाउस भिलाई तीन, रायपुर और बिलासपुर पहुंचकर सीसी कैमरे को चेक किया है। चोरी को लेकर कोई खास सफलता हाथ नहीं लग पाई है। जीआरपी के मुताबिक ट्रेन के कोच के कैमरों को खंगालने के बाद ही कुछ हाथ लग पाएगा। फिलहाल मामले में पुलिस संदिग्धों से पूछताछ किया जा रहा है। गौरतलब है कि गोंदिया निवासी हिना दिनेश पटेल शिवनाथ एक्सप्रेस में शुक्रवार की सुबह रायपुर जाने के लिए सवार हुई थी । दुर्ग रेलवे स्टेशन में ट्रेन पहुंची तब हिना ने अपने पर्स को देखा तो गायब मिला। पर्स में 65 लाख रुपए का डायमंड ज्वेलरी नकदी 45 हजार समेत अन्य आवश्यक सामान भी था। जीआरपी दुर्ग जांच में जुटी है।

जिले के स्कूलों में एनसीईआरटी की किताबों से नहीं करवाई जा रही है बच्चों की पढ़ाई

## अभिभावक 65 रुपए की गणित किताब 450 में खरीदने मजबूर

**स्कूलों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का खुला उल्लंघन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सभी सीबीएसई स्कूलों में 15 जुलाई 2024 को राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू कर दी है लेकिन दुर्ग जिले में इसका खुला उल्लंघन हो रहा है। नया शिक्षण सत्र 2025-26 के प्रवेशित बच्चों से एनसीईआरटी की किताबें नहीं बल्कि प्राइवेट पब्लिशर्स की किताबें खरीदवाई जा रही है। एनसीईआरटी में गणित की किताब 65 रुपए में मिलती है उसे प्राइवेट पब्लिशर्स की 450 रुपए में खरीदने के लिए पालकों को मजबूर किया जा रहा है। हरिभूमि ने नामी स्कूलों में अध्ययरनत बच्चों के पालकों से चर्चा व स्कूलों के निर्धारित बुक डिपो से पड़ताल कर यह रिपोर्ट तैयार की है।



**इन उदाहरणों से समझिए महंगी पढ़ाई का खर्च**

### 65 रुपए की बुक 450 में

एनसीईआरटी में कक्षा पहली से लेकर पांचवी तक सभी विषयों के पाठयपुस्तकों के दाम 65 रुपए निर्धारित है। जिसमें हिन्दी, अंग्रेजी, गणित और सामाजिक विज्ञान शामिल हैं। प्राइवेट प्रकाशकों की ये किताबें अलग-अलग स्कूलों में 350 रुपए से लेकर 450 रुपए तक चलाए जा रहे हैं। इसी तरह मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों के लिए एनसीईआरटी की एक किताब का मूल्य 120 रुपए है। प्राइवेट प्रकाशक की बुक 500 से लेकर 550 रुपए से पढ़ाई करवाई जा रही है।

### 13 किताबें खरीदवा रहे

स्कूलों में एनसीईआरटी की मूल चार विषय की किताबें हैं। उसके बावजूद भी स्कूलों में इन विषयों सहित 12 से 13 तरह की किताबें खरीदवाई जा रही है। मसलन व्याकरण संबोध, सेंचुरी बुक ऑफ इंग्लिश ग्रामर एंड कंपोजिशन, गेटिंग अहेड इन सोशल स्टडीस, एनईपी टुयून साइंस, रिफरेंश बुक न्यू लर्निंग कंपोसाइट मेथेमिकल, आप्टिमा क्लीक टू लर्न, आप्टिमा हेप्पी मांइड, आप्टिमा नॉलेज।

### केजी वन की तीन बुक व दो कापी 2500 रुपए की

पालकों कें मुबातिक नामी स्कूलों ने नन्हे बच्चों का भी आर्थिक शोषण शुरू कर दिया है। रिसाली चौक के नामी स्कूल में केजी वन की तीन बुक व दो कापी के दाम 2500 रुपए है। नेहरूनगर स्थित एक स्कूल में इसी क्लास की किताबें व अभ्यास पुस्तिका 3200 रुपए और खपरी स्थित एक नामी स्कूल में 3100 रुपए की बुक खरीदवाए गए हैं।

**इस तरह चल रहा है खेल**

### कापियों में लोगो

पालकों के मुताबिक स्कूल प्रबंधकों द्वारा कक्षावार पुस्तक की सूची दिसंबर महीने में ही अपने निर्धारित बुक डिपो के प्रबंधकों को उपलब्ध करवा दी जाती है। दुर्ग में दो और भिलाई में चार बुक डिपो में ट्विनसिटी की नामी निजी स्कूलों की किताबें व कापियां खरीदवाई जाती है। कई स्कूलों में कापी के मुख्य पृष्ठ में उन स्कूलों का लोगो यानी चिन्ह भी छपवाया गया है।

### यूनिफार्म

स्कूलों द्वारा अपने प्रवेशित विद्यार्थियों के यूनिफार्म भी कमाई का जरिया बना हुआ है। यूनिफार्म खरीदी के लिए भी दुकानें तय की गई है। जहां टाई, जूते मोजे से लेकर यूनिफार्म खरीदी करवाई जा रही है। इसके एवज में स्कूलों को मोटी कमीशन मिल रही है। विद्यार्थियों की मजबूरी है कि दूसरे दुकानों से सस्ते दाम पर ये चीजें नहीं खरीद सकते।

### सर्कुलर जारी किया है, अब जांच करेंगे

“ राष्ट्रीय शिक्षा नीति सीबीएसई संबद्ध स्कूलों में लागू कर दी गई है। इसका सरकुर्लर भी हमने जारी कर दिया है। इसकी जांच करवाई जाएगी। इस शिक्षा नीति के तहत एनसीईआरटी की पुस्तकें चलाना अनिवार्य है। **- अरविंद कुमार मिश्रा,** जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग

सेंट्रल एजेंसी का डर दिखाकर

## सेवानिवृत्त कर्मी से पन्द्रह लाख रुपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सेंट्रल एजेंसी का डर दिखाकर सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मी से लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत करने पर अज्ञात के खिलाफ धारा 66 (ग), 66 (घ)318 (4), 319, 336 (3), 338, 34 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। प्लाट 6- वेदांत फेस

- **पुलिस जांच में जुटी,वीडियो और वाइस कॉलिंग कर ठगा**

दो सड़क -1 उमरपोटी उतई निवासी गोवर्धन लाल धुरंधर के मोबाइल पर मार्च से अप्रैल वर्ष 2025 तक उनके मोबाइल पर किसी अज्ञात का वाइस और वीडियो कॉल कर उन्हें डराया गया। साथ ही अज्ञात मोबाइल धारक द्वारा गोवर्धन को डराया गया कि उनके नाम से एक सिम आबंटित हुई है, जो शॉप नबंर 10 विशाल टावर मेहुल रोड मुंबई से सिम को खरीदा गया है। उक्त सिम कार्ड से करोड़ों रुपए का घपला हुआ है। इसके लिए पीड़ित को मुंबई ऑफिस बुलाया गया, लेकिन उसने जाने से इंकार करने पर उनका एसेटस को ब्रेक, डिपाजिट को जांच कर वेरीफाई करने का झांसा दिया गया। इसमें जो भी नुकसान होगा। इसके लिए सीबीआई को देने की जानकारी देकर पीड़ित को लगातार अज्ञात मोबाइल धारक द्वारा वीडियों, वाइस कॉलिग कर परेशान किया जा रहा था।

कभी सीबीआई अफसर तो कभी मजिस्ट्रेट के मोबाइल से कॉल कर डराया धमका जाता रहा है। लगातार दबाव बनाने के कारण गोवर्धन ने अपने 15 लाख के एफडी को तोड़कर आरोपियों द्वारा बताए गए खाता नंबर पर चेक के माध्यम से रुपए को ट्रांसफर किया गया। आरोपियों ने पीड़ित को बताया था कि इस टीम में मुंबई पुलिस, ईडी अरेस्ट लेटर, सुप्रीमकोर्ट शामिल है। उन सब विभागों का फर्जी लेटर भी उन्हें भेजा गया था।

## ओटी क्लीन करनी पड़ेगी इसलिए जानबूझकर नहीं की संक्रमित की डिलीवरी, बैठी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



फॉलोअप खबर

एचआईवी संक्रमित को 4 घंटे तक ऑपरेशन थिएटर में प्रसव के लिए रोके रखे जाने के बाद मेकाहारा रायपुर रिफर किए जाने के मामले में कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर सीएमएचओ डॉ.

- **विधायक रिकेश ने हरिभूमि की खबर पर लिया संज्ञान**

मनोज दानी ने जांच टीम का गठन कर दिया है। हरिभूमि ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने मामले को संज्ञान में लेकर कलेक्टर को जांच के लिए निर्देशित किया। इसके बाद प्रशासन हरकत में आया। इधर इस मामले में एक और खुलासा हुआ है कि एचआईवी संक्रमित की डिलीवरी जानबूझकर नहीं की गई। डॉक्टरों ने इस पूरे मामले में एक दूसरे पर पल्ला झाड़ने का काम किया। इतना ही नहीं यहां तक कहा कि यदि संक्रमित का प्रसव ऑपरेशन थिएटर में किया जाता है, तो ओटी का फ्यूमिकेशन यानी क्लीनिंग दोबारा से करानी होगी। इस वजह से महिला को चार घंटे तक ऑपरेशन थिएटर में रोके रखा गया है। इस मामले में यह जानकारी भी सामने आई है कि महिला की भर्ती पर्ची में कहीं भी एचईआई संक्रमित होने की जानकारी नहीं थी, इस वजह से डॉक्टर्स और नर्स भ्रमित होकर उसे ऑपरेशन थिएटर प्रसव के लिए लेकर पहुंच गए थे। महिला के संक्रमित होने की जानकारी बाद में उन्हें हुई। जबकि महिला पिछले करीब 7 साल से संक्रमित है। उसकी पर्ची में कहीं भी पीएलएचओ (पिपुल लिविंग विथ एचआईवी एंड एड्स) का जिक्र नहीं था, जबकि ऐसे मामले में पर्ची में ऐसा लिखा जाना आवश्यक है। इतना नहीं डॉ. ममता पांडेय ने एचआईवी किट नहीं होने की बात कहकर महिला को मेकाहारा रायपुर रिफर कर दिया था। बहरहाल इस मामले में जिला एड्स एवं रोकथाम इकाई के पूर्व नोडल डॉ. प्रवीण अग्रवाल और शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. आरके मल्होत्रा को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें दो दिन में रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने कहा गया है।

### दो दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा

“ दो एक्सपर्ट डॉक्टरों की टीम बनाई गई है। मामला काफी संवेदनशील है। इस मामले को लेकर दो दिन में जांच पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा गया है। उच्च अधिकारियों को भी वस्तु स्थिति से अवगत कराया गया है।

**- डॉ. मनोज दानी,** सीएमएचओ दुर्ग






श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा निरंतर 40वें वर्ष श्रीरामनवमी का होगा आयोजन

## रामनवमी की तैयारियां पूर्ण, जनसहयोग से संग्रहित अन्न से आज बनेगा महाप्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा निरंतर 40वें वर्ष श्रीरामनवमी का भव्य आयोजन 06 अप्रैल को श्रीरामलीला मैदान सेक्टर -1 में किया जा रहा है। इसकी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है, आयोजन में 2.5 लाख परिवारों से संग्रहित अन्न से महाप्रसाद बनाया जा रहा है। साथ ही श्रद्धालुओं के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वचलित झांकियां एवं लेजर लाइट शो भी आकर्षण का केंद्र होंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, अध्यक्षता पूर्व विस अध्यक्ष व समिति के संरक्षक प्रेमप्रकाश पाण्डेय करेंगे। वहीं अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में दुर्ग सांसद विजय बघेल तथा मुख्य वक्ता के रूप में बाल योगेश्वर राम बालकदास महात्यागी, पाटेश्वर धाम उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक रिकेश सेन, ललित चंद्राकर, डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, गजेंद्र यादव एवं दैनिक हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी उपस्थित रहेंगे।



### 4 दशकों से जारी है राम नवमी का उत्सव

श्रीराम जन्मोत्सव समिति के युवा विंग अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने बताया कि निरंतर 4 दशकों से जारी यह आयोजन श्रीरामलला मंदिर के निर्माण के पश्चात और भी भव्य हो चुका है। विगत तीन वर्षों से समिति द्वारा एक मुट्ठी दान- प्रभु श्रीराम के नाम अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालुओं पूरे समर्पण भाव से सहयोग दे रहे हैं। लगभग 2.5 लाख से अधिक परिवारों से संग्रहित अन्न से महाप्रसाद बनाया जाएगा, जिसकी तैयारी आज से सभास्थल में शुरू की जा चुकी है।

**ले लाइट शो और स्वचलित झांकियां रहेंगी प्रमुख आकर्षण**

पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी आकर्षण लेजर लाइट शो, स्वचलित झांकियां एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र होंगे। सभा स्थल पर हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में श्री हनुमान चालीसा का पाठ भी सभास्थल पर किया जायेगा। इस वर्ष सभी 12 प्रखण्डों से शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसके लिए रूट का निर्धारण पहले ही किया जा चुका है। यह सभी शोभायात्रा तय रूट से होते हुए रामलीला मैदान पावर हाउस पहुंचेंगी।

## दोबारा अतिक्रमण नहीं करने की दी चेतावनी

# दो ऑटोमोबाइल के अवैध कब्जे तोड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई निगम ने शनिवार को दो बड़े ऑटोमोबाइल सेंटरों पर कार्रवाई की। लाल बहादुर शास्त्री शासकीय अस्पताल कॉन्टैक्टर कॉलोनी सुपेला से लगे हुए भूखंड पर शिवनाथ ऑटोमोबाइल महिंद्रा मोटर्स द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया था। जिसके कारण शासकीय अस्पताल मे पोस्टमार्टम के लिए शव को सामान्य मार्ग से लाना और ले जाना पड़ता है । जिससे में परेशानी हो रही थी।



जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह के अस्पताल का औचक निरीक्षण के दौरान संज्ञान में यह परेशानी लाई गई थी। सीमांकन के बाद पाया गया कि महिंद्रा मोटर्स द्वारा कुछ भूखंड पर अतिक्रमण किया गया है। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट डिकेश्वर साहू, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, राजस्व अधिकारी जेपी तिवारी, भवन अधिकारी अरविंद शर्मा, पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर के अतिक्रमण को रिक्त कराया गया। एजेंसी के अधिकारियों को चेतावनी दी गई की दोबारा इस प्रकार शासकीय भूमि पर अतिक्रमण नहीं करेगा। कार्रवाई दोपहर 2 बजे से शुरू किया गया। तोड़े गए मालवे को जेसीबी, डंपर, से जप्त किया गया।

शिवनाथ मोटर्स अधिकारियों से पंचनामा बनवा करके लिखित में आश्वासन लिया गया कि उसके द्वारा दोबारा अतिक्रमण नहीं किया जाएगा। नगर निगम भिलाई द्वारा अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी जाती है कि शासकीय भूमि पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें। अन्यथा उनके खिलाफ बेदखली कार्रवाई करते हुए उन्हीं से तोड़ने में हुए खर्च का हरजाना भी वसूल किया जाएगा।

# 7 करोड़ में संवेरगा जवाहर मार्केट का शॉपिंग मॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

पावर हाउस का जवाहर मार्केट बहुत जल्द वेल डेवलप्ड शापिंग मॉल का रूप लेगा। इसके लिए शासन से 7 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। एक प्रेजेंटेशन मीट में शामिल जवाहर मार्केट के व्यापारियों को इस शॉपिंग मॉल के बारे में जानकारी दी गई। व्यापारियों ने इस प्रोजेक्ट के लिए वैशालीनगर विधायक का आभार व्यक्त किया है। यह मॉल मेट्रोपोलिटन सिटी मॉल की तरह बनेगा। यहां की सोलर लाईट और ओपन डोम स्ट्रीट तेज धूप और बारिश के कीचड़ से मुक्त होगी। मार्केट में अंडर ग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम के साथ ही वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम आस- पास के वाटर लेबल को दुरुस्त रखेगा। जवाहर मार्केट के व्यापारियों के साथ ही शॉपिंग करने पहुंचने वाले ग्राहकों के लिए शेड के भीतर व्यवस्थित पार्किंग की भी व्यवस्था की जा रही है। हर शॉप में फायर सिस्टम होगा। सभी शॉप के ग्लो साईन बोर्ड एक ही डिजाइन में होंगे। दोनों तरफ 5-5 फुट के पाथ-वे के आलावा बाजार की स्ट्रीट लगभग 25 से 30 फुट की उंचाई पर डोम शेड से कवर्ड होगी। जिससे बारिश का पानी व कीचड़ से मुक्ति मिलेगी। वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के जवाहर मार्केट के इस रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें जवाहर मार्केट के व्यापारियों एवं नगर निगम अधिकारियों ने भाग लिया। प्रोजेक्टर के माध्यम से जवाहर मार्केट का प्रस्तावित डेमो स्ट्रक्चर प्रस्तुत किया गया और सभी से सुझाव लिए गए। इस संवाद का उद्देश्य सबकी भागीदारी से एक बेहतर बाजार विकसित करना रहेगा। निगम अधिकारियों के साथ प्रोजेक्ट आर्किटेक्ट टीम और तकनीकी विशेषज्ञ भी इस प्रोजेक्शन मीट में मौजूद रहे।



### सोलर एनर्जी से रोशन होगा शॉपिंग मॉल, महानगर की आएगी फीलिंग

शॉपिंग मॉल को लेकर विधायक रिकेश सेन ने व्यापारियों को बताया कि यह मॉल सोलर एनर्जी से रोशन होगी। विद्युत व्यवस्था भी रहेगी। इस मॉल में महानगर जैसी फीलिंग आएगी। हर वर्ष इस मार्केट को व्यवस्थित करने की जब -जब बात होती थी, तो नगर निगम पोल से कुछ दूरी तक दुकान के बाहर निकले छज्जे को तोड़ सड़क चौड़ीकरण कर इसी तरह की व्यवस्था करता रहा है।

# बीएसपी कर्मियों के मुद्दों को जल्द सुलझाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

बीएकेएस यूनियन ने इस्पात मंत्री डी कुमार स्वामी से दिल्ली में मिल कर कर्मचारियों के मुद्दों को सुलझाने की मांग की। सांसद डोला सेन भी साथ थीं। मंत्री ने आश्वासन दिया है। बीएकेएस अध्यक्ष ने अधूरा वेज रीविजन, एमओए, एरियर , एनजेसीएस में सुधार , बोकारो के विस्थापित परिवारो के साथ हुई घटना पर ध्यानाकर्षित किया । यूनियन के कोषाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि इस्पात मंत्री ने जल्द यूनियनों के साथ सेल मैनेजमेंट की बैठक कराने का आश्वासन भी दिया है । इस्पात स्टैण्डिंग कमेटी के चेयरमैन,अनुराग ठाकुर से भी निवास पर मुलाकात कर इस्पात स्टैंडिंग कमेटी के वेज रीविजन रिपोर्ट को लागु करने में भेदभाव का मुद्दे पर निदान का करने का भरोसा दिया । अन्य यूनिट के पदाधिकारियों में सीएमओ से तनय, चंचल , सेलम से रवि रामचंद्रण, दुर्गापुर से जयंता आदि शामिल थे ।



- बीएकेएस ने इस्पात मंत्री से की मुलाकात
- मंत्री से मिला आश्वासन







# वीरभद्र मंत्र जीवन की सभी कठिनाइयों का एक दिव्य उपकरण- संत श्रीमाता जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

तीर्थराज देवि निकुंभला राज लक्ष्मी मंदिर जय शक्ति आश्रम निकुम में वीरभद्र मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा व नवरात्र पर चल रहे वीरभद्र महायज्ञ के आठवें दिन संत श्री माता जी ने श्रद्धालुओं को आहूति दिलवाई। निकुम की इस पावन धरा में संत श्री माता जी का आश्रम में ओम वीरभद्राय वैरिवंश विनाशाय सर्वलोक भयंकराय भीमवेशाय हुं फट् शभ्रौं शभ्रौं ह्लीं खं फट् रिपुं फट् स्वाहा की गूंज रही। सैकड़ों श्रद्धालु हर रोज अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए इस महायज्ञ में आहूति दे रहे हैं। नवमी के दिन यानी रविवार को इस महायज्ञ का समापन होगा। महायज्ञ के दौरान संत श्री माता जी ने वीरभद्र महायज्ञ के बारे में विस्तृत व रोचक आध्यात्मिक बातें बताई। उन्होने कहा कि वीरभद्र के मूल मंत्र का प्रतिदिन जाप करने से जीवन की सभी कठिनाइयों से मुक्ति मिलती है। शत्रुओं को परास्त करने और समाज को बेहतर बनाने में भी यह मंत्र सहायक है।

## तीर्थराज देवि निकुंभला राज लक्ष्मी मंदिर में वीरभद्र की प्राण-प्रतिष्ठा व महायज्ञ






### वीरभद्र भगवान शिव के हैं अवतार

संत श्री माता जी ने कहा कि भगवान वीरभद्र भगवान शिव के उग्र अवतार हैं। नंदी, भृंगी और चंडेश्वर सहित, वीरभद्र भी भगवान शिव के प्रथमगण हैं। वीर का अर्थ है बहादुर और भद्र का अर्थ है मित्र। वह अपने 8 हाथों में 4 हथियार धारण करते हैं। बाण (बाण), खड्ग (तलवार), धनुष (धनुष), और खेटक (ढाल) तथा खोपड़ियों की माला धारण करते हैं। वह इतना शक्तिशाली है कि जब भगवान विष्णु ने उस पर अपना सुदर्शन चक्र फेंका तो उसने उसे निगल लिया। माता सती की मृत्यु के बाद, वीरभद्र स्वामी भगवान शिव की जटाओं से प्रकट हुए। उन्हें पहले रुद्र अवतार के रूप में भी जाना जाता है।

### ऐसे करें भगवान वीरभद्र का ध्यान

संत श्री माता जी ने बताया कि शिव महापुराण के अनुसार, ऐसा माना जाता है कि भगवान वीरभद्र दिखने में परमेश्वर महादेव से मिलते जुलते हैं। भगवान वीरभद्र असीम शक्तिशाली हैं। उनके 2000 हाथ हैं, जिनमें से प्रत्येक में भयानक हथियार लगे हुए हैं। उनकी ऊंचाई तीन लोकों से भी अधिक है!! भगवान वीरभद्र के तीन नेत्र हैं और असंख्य महान सर्प उनके दिव्य शरीर में लिपटे हुए हैं। भगवान वीरभद्र की पोशाक, विशेषताएं और अलंकरण परमेश्वर महादेव के समान ही हैं। उनकी भुजाएँ बहुत लंबी और डरावनी हैं। जब वे हँसते हैं, तो तीनों लोक उसकी प्रतिध्वनि से भर जाते हैं। भगवान वीरभद्र के हाथ में त्रिशूल है, जिसकी चमक और महिमा सूर्य, चंद्रमा और संपूर्ण तारामंडल से भी अधिक हैं।

### अनुष्ठान से बढ़ती है स्मरण शक्ति



संत श्री माता जी ने कहा कि मंत्र का अनुष्ठान स्मरण शक्ति को बढ़ाता है। इस मंत्र का 10000 बार जाप करने से त्रिकाल दृष्टि या दिव्यदृष्टि आसानी से प्राप्त की जा सकती है। साधक को भूत, वर्तमान और भविष्य के संकेतों को पढ़ने की क्षमता प्राप्त होती है। इस साधना को मज़ाक नहीं समझना चाहिए। न ही इसे मज़ाक में करना चाहिए। इसे केवल तभी करना चाहिए जब यह आवश्यक हो और अपने या किसी और के कल्याण के लिए हो। किसी को परेशान करने के लिए इसे करना उल्टा पड़ेगा।

### इन अनुष्ठानों से पावन हो रही निकुम की धरा

जय शक्ति आश्रम निकुम की पावन धरा में सैकड़ों अनुष्ठान संतश्री माता जी ने किए हैं। नए साल वर्ष 2025 की शुरूआत में 26 दिन तक कलयग सम्राट राजसूय महायज्ञ संपन्न करवाए थे। वर्ष 1983 से लगातार यहां भागवत कथा, शतचंडी यज्ञ और प्रत्येक चैत्र व क्वांर नवरात्र में महायज्ञ का आयोजन होते आए हैं।नवरात्र में 1100 और 2100 ज्योति कलश प्रज्वलित किए जा रहे थे। संत श्री माता जी के द्वारा वर्ष 2001 में पुलगांव में विशाल लक्षचंडी महायज्ञ करवाया। जिसमें चारों पीठ के शंकराचार्य शामिल हुए। वर्ष 2003 में राजलक्ष्मी महायज्ञ करवाया गया। *क्रमशः*

## खबर संक्षेप

### दूसरे बार बने जनपद सदस्य समाजसेवी रवि



जामगांव आर। जनपद पंचायत पाटन में शनिवार को विभिन्न विभागों की सभापति की घोषणा की गई। जिसमें दूसरे बार जनपद क्षेत्र क्रमांक 25 के युवा जनपद सदस्य समाजसेवी रवि सिन्हा निपानी को कृषि स्थाई समिति का सभापति पदभार दिया गया।

### निधन

#### संतोष सपहा



दुर्ग। नयापारा निवासी संतोष सपहा 57 वर्ष का निधन दिनांक 4 अप्रैल को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 5 अप्रैल को सुबह 11 बजे शिवनाथ नदी, महमरा एनीकट मुक्तिधाम में किया गया। वे केशव सपहा, सोनू सपहा के पिता थे।

#### सोहागीन बाई पटेल



भिलाई। नूतन चौक भिलाई तीन निवासी सोहागीन बाई पटेल 75 वर्षीय का आकस्मिक निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार एकता नगर भिलाई 3 के मुक्तिधाम में किया गया। वे विधायक प्रतिनिधि दिलीप पटेल,विजय, मनोज,गोपाल और सुषमा पटेल की मां थी।

## दुर्ग जनपद पंचायत में बहुमत के बाद भी नाराज दिखे भाजपा समर्थित सदस्य

# 3 समितियों में भाजपा नहीं बना पाई सभापति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जनपद पंचायत दुर्ग में बहुमत के बाद भी तीन समितियों में भाजपा के सभापति नहीं बना पाए। सभापति पद को लेकर भाजपा में अंतर्कलह खुलकर सामने आ गई है। वरिष्ठ जनपद सदस्य पूर्णिमा वर्मा व संगीता साहू चुनाव प्रक्रिया के बीच ही जमकर नाराजगी जताते हुए सभाकक्ष से बाहर आकर चुनाव कार्यक्रम छोड़कर चली गईं। पहले सभी समितियों के सदस्य के बाद सभापति का चुनाव के निर्णय पर कांग्रेसी सदस्यों ने नाराजगी जताई।

गौरतलब है कि जनपद पंचायत दुर्ग में शनिवार को स्थायी समितियों के सदस्य के साथ 7 समितियों में सभापति का भी चुनाव होना था। इसके लिए सबसे पहले सभी समितियों में सदस्यों का चुनाव करने के बाद सभापति का निर्वाचन किए जाने एवं समितियों में सदस्यों की संख्या निर्धारण को लेकर कांग्रेसी सदस्य नाराज हो गए। उनका कहना था प्रथम सम्मिलन में सदस्यों की संख्या तय करने की बजाय अचानक चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के पहले हर समिति में तीन तीन सदस्य रखने का निर्णय लिया जा रहा है, जबकि पूर्व में हर समिति में 7 -7 सदस्य थे। इसी तरह प्रत्येक समिति के सदस्य चुनने के तत्काल बाद उस समिति का सभापति का चुनाव होना चाहिए। वह भी नहीं किया। उनका कहना था कि भाजपा के दबाव जिला पंचायत में उन्हें एक समिति में मिली विफलता की वजह से पैतरा बदला जा रहा। अन्यथा जिस तरह जिला पंचायत में इसके किए प्रक्रिया अपनाई गई थी वही प्रक्रिया यहां भी अपनाया जाना चाहिए था।




### एक भी समिति में कांग्रेसी नहीं बने सदस्य

उनकी इस नाराजगी के बाद भी पहले सभी समितियों के तीन तीन सदस्यों का चुनाव पूरा करने के बाद सभापति पद पर निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू की गई। इसमें सभी समितियों में भाजपाई सदस्य निर्वाचित हुए। एक भी समिति में कांग्रेसी सदस्य बनाने में कामयाब नहीं हुए। सिर्फ संचार संकर्म में एक सदस्य को छोड़ बाकी सभी समितियो में भाजपाई सदस्यों को 13-13 एवं कांग्रेसियों को 11-11 मत मिल गए।

### दुर्ग जनपद पंचायत में सभापति निर्वाचन के दौरान पहुंचे ग्रामीण विधायक

जनपद पंचायत में स्थायी समिति के सभापति का निर्वाचन आज जनपद पंचायत सभागार में निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न हुआ। जिसमें निर्वाचित सभापति के रूप में संचार एवं संकर्म समिति लोमस चंद्राकर सहकारिता एवं उद्योग समिति गोपाल कुमार यादव, मत्स्य एवं पशुपालन समिति संतोष निषाद वन सामाजिक वानिकी एवं पर्यावरण जीतेन्द्र टंडन उद्योग एवं उद्यमिता समिति रजनी कुमारी साहू निर्वाचित हुए सभी नवनिर्वाचित सभापति को दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर व दुर्ग भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, भिलाई अध्यक्ष पुरूषोतम देवांगन, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य नवीन पवार, कार्यालय मंत्री मनोज सोनी आदि बधाई देने पहुंचे।

### अपने ही पैतरे में उलझ गई भाजपाई

भाजपाई सदस्य सदन में बहुमत होने की वजह से कांग्रेसियों को समितियों से बाहर रखने की रणनीति के तहत हर समिति में 3-3 सदस्य रखने का निर्णय लिया। मगर वे अपने ही इस पैतरे में उलझ गए। जब सदस्यों का चुनाव होने के बाद सभापति के लिए संगीता माखन साहू को कृषि समिति एवं स्वच्छता व स्वास्थ्य समिति में सभापति प्रत्याशी के प्रस्तावक के रूप में हस्ताक्षर करने कहा गया। उनका कहना था सभापति बनाने की बजाय उनकी उपेक्षा कर प्रस्तावक बनाया जा रहा है। इसलिए वे हस्ताक्षर नहीं करने की बात कहते बाहर निकलकर घर चली गई। इसी तरह वरिष्ठ जनपद सदस्य पूर्णिमा वर्मा से संचार संकर्म समिति में सभापति प्रत्याशी के प्रस्तावक के रूप में हस्ताक्षर लेकर पुनः महिला बाल विकास समिति सभापति प्रत्याशी का भी प्रस्तावक बनने कहा गया। इस पर वे उन्हें सभापति नहीं बनाए जाने पर प्रस्तावक बनने से इंकार करती हुई वे भी बीच में चली गई। ऐसी स्थिति में इन समितियों के तीन तीन सदस्यों में से एक को सभापति बनाए जाने से मात्र एक ही सदस्य शेष रह गए जबकि एक समर्थक व प्रस्तावक जरूरी था जिससे प्रस्तावक नही मिलने की वजह से सभापति का चुनाव नहीं हो पाया।

### ये निर्वाचित हुए सभापति

सामान्य प्रशासन - कुलेश्वरी देवांगन, शिक्षा समिति - राकेश हिरवानी, संचार व संकर्म - लोमश चंद्राकर, सहकारिता व उद्योग - गोपाल यादव, मत्स्य व पशुपालन - संतोष निषाद, वन सामाजिक वानिकी व पर्यावरण - जितेन्द्र टण्डन, उद्योग व उद्यमिता - रजनी साहू

**पहली बार में बना दिया सभापति** पूर्णिमा वर्मा ने चर्चा करते हुए कहा कि वे व उनके परिवार के सदस्य 1985 भाजपा में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे पूर्व में पांच साल जनपद सभापति एवं पांच साल सरपंच तथा विपणन संघ में भी डायरेक्टर रह चुकी है मगर वरिष्ठ सदस्यों की उपेक्षा कर जो सक्रिय सदस्य भी नहीं है और

**दरकिनार कर बार बार निष्ठा पर सवालः** वहीं संगीता माखन साहू ने कहा कि उन्होंने जनपद अध्यक्ष , आध्यक्ष एवं समिति सदस्य चुनाव में पूरी निष्ठा से भाजपा का साथ दिया इसके बावजूद उन्हें बार -बार दरकिनार कर उनकी निष्ठा पर सवाल उठाया जा रहा है।

## अंचल व शहर की खबरें

### बाबा दरबार धनोरा में मनाई गई महाअष्टमी



**अंडा।** बाबा दरबार धाम धनोरा दुर्ग में चैत्र नवरात्रि पर्व पर महाअष्टमी हवन का कार्यक्रम संपन्न किया गया। पंडित विनय शर्मा एवं दरबार के लक्ष्मण बाबा के द्वारा विधि-विधान के साथ पूजा पाठ किया गया। मंत्र उच्चारण के साथ दरबार में आए भक्तों ने हवन कुंड में आहुति डाली। इस हवन में मुख्य यजमान मनसुखा साहू, लक्ष्मी साहू रहे। इस दौरान विनोद साहू, राजू यादव, मनोज पटेल, रोमनाथ साहू, बबलू, गज्जू, रायपुरीहा, भोलू, खिलेशवर साहू, सुनील कहार, दिनेश साहू, योगेश साहू, बाबू लाल साहू, जीवराखन, दिनेश यादव, ललित साहू, गुलाब साहू, चंद्रकांत देवांगन, कल्याण देवांगन, मारियल कुंभकरण पटेल, शिवचरण साहू, मुनना गंधर्व, रोशन साहू आदि मौजूद थे। 6 अप्रैल को शाम 4 बजे दरबार से ज्योति कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो बजरंग पारा, बाजार चौक, मेनगली शीतला तालाब में विसर्जन किया जाएगा। यह जानकारी दरबार प्रतिनिधि चन्द्रकांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू ने दी।

### आज भाजपा मनाएगी स्थापना दिवस



**पाटन।** भाजपा पाटन मंडल की बैठक रेस्ट हाउस पाटन में मंडल प्रभारी शिवचंद्राकर के नेतृत्व में हुई। जिसमें भाजपा की स्थापना दिवस 6 अप्रैल को मनाया जाएगा और पार्टी द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश का जानकारी देते हुए बताया कि हर एक-एक कार्यकर्ताओं को अपने घर में भाजपा ध्वज लगाने की बात कहीं। बैठक में मण्डल अध्यक्ष रानी बंछोर,नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले,उपाध्यक्ष निशा सोनी,जनपद सदस्य डुलेश्वर मानकुर, भावना विष्णु निषाद,प्रणव शर्मा,पार्षद चंद्रप्रकाश देवांगन, अन्नपूर्णा पटेल,संगीता धुरंधर,देवेन्द्र ठाकुर,केशव बंछोर,बाबा वर्मा, दिलीप साहू,राज देवांगन,रोशन वर्मा,अतीस सपहा,विनोद बाग,अमित वर्मा,यशवंत सेन,नारायण पटेल,राजू बघेल,विक्की बंछोर,सुनील वर्मा, खगेश देवांगन, रेणुका बिजौरा,कुणाल वर्मा,यमन मढ़रिया,नरेन्द्र साहू, मिलन देवांगन, राजेन्द्र वर्मा,लोकेश पटेल सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। संचालन पार्षद केवल देवांगन व आभार व्यक्त नागेन्द्र कश्यप ने किया।

### प्रलेसं का बहुभाषीय काव्य पाठ मैत्री निकेतन में आज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील लेखक संघ भिलाई दुर्ग के तत्वावधान में अखिल भारतीय प्रगतिशील लेखक संघ का 90 वां स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में बहुभाषीय काव्य पाठ का आयोजन 6 अप्रैल रविवार को अपरान्ह 3.30 बजे मैत्री विद्या निकेतन रिसाली के सभागार में किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नथमल शर्मा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रगतिशील लेखक संघ करेंगे।मुख्य अतिथि वरिष्ठ जनकवि डॉ. जीवन यदु होंगे। वरिष्ठ कथाकार लोकबाबू, वरिष्ठ व्यंग्यकार रवि श्रीवास्तव व वरिष्ठ साहित्यकार राजमा सुधाकरण विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम का सन्चालन छत्तीसगढ़ प्रगतिशील लेखक संघ के महासचिव परमेश्वर वैष्णव करेंगे । भाषायी एकता और रचनात्मक अभिरुचि को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लघु भारत भिलाई में आयोजित इस बहुभाषीय काव्य पाठ में प्रतिभागी बहुभाषीय कवि स्वरूप हिंदी से रवि श्रीवास्तव, संकल्प यदु,उर्दू से मुमताज,डां. नौशाद सिद्दीकी,मलयालम से के. ए.नारायणन,साजन सुधाकरण,तेलुगू से रुद्र मूर्ति,व्ही. अप्पा राव,तमिल से वेंकट सुब्रमण्यम,मराठी से शरद कोकास,अनिता करडेकर,पंजाबी से गुलवीर सिंह भाटिया,सन्तोष झांझी, सिंधी से रवि आनन्ददानी,उड़िया से स्नेहलता पाणिग्रही, बंगाली से बनी चक्रवर्ती, समरेंदु विश्वास,गुजराती से पल्लवी त्रिवेदी, छत्तीसगढ़ी से डॉ. जीवन यदु, बलराम चंद्राकर,भोजपुरी से शमशीर शिवानी अपनी रचनाओं का पाठ करेंगे। मूल भाषा में पढ़ी गई कविताओं के अनुवाद भी पढ़े जाएंगे । आयोजन में भिलाई दुर्ग के साहित्यकार रंगकर्मी उपस्थित रहेगे ।

# मनुष्य को कर्तव्य समझकर काम करना चाहिएः भूपेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



■ कथा के अंतिम दिवस गीता सार पर कथा वाचक ने कहा

बाजार चौक सेलुद निवासी बलराम वर्मा व अपने मां लीलाबाई वर्मा के बरसी श्राद्ध में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन के अंतिम दिवस कथा के कथावाचक बालोद गुंडरदेही के पंडित भूपेन्द्र पांडेय ने कहा कि अर्जुन-कृष्ण से त्याग (त्याग) और संन्यास (जीवन का त्यागपूर्ण क्रम) के उद्देश्य के बारे में पूछते हैं। कृष्ण इन्हें और कर्म के पाँच कारणों, कर्म को प्रेरित करने वाले तीन कारकों और कर्म के तीन घटकों के बारे में बताते हैं। वे भौतिक प्रकृति के तीन गुणों में से प्रत्येक के अनुसार कर्म, समझ, दृढ़ संकल्प, खुशी और काम का भी वर्णन करते हैं। मनुष्य को अपना काम स्वयं करने से सिद्धि प्राप्त होती है, दूसरे का नहीं, क्योंकि निर्धारित कर्तव्य कभी भी पाप कर्मों से प्रभावित नहीं होते। इसलिए मनुष्य को बिना आसक्ति या फल की आशा के, कर्तव्य समझकर काम करना चाहिए। मनुष्य को कभी भी अपने कर्तव्य का परित्याग नहीं करना चाहिए। आत्म-साक्षात्कार का सर्वोच्च स्तर कृष्ण की शुद्ध भक्ति सेवा है। तदनुसार, कृष्ण अर्जुन को सलाह देते हैं कि वह हमेशा उन पर निर्भर रहे, उनकी सुरक्षा में काम करे और उनके प्रति सचेत रहे। यदि अर्जुन कृष्ण के लिए लड़ने से इनकार करता है, तो भी उसे युद्ध में घसीटा जाएगा क्योंकि क्षत्रिय के रूप में युद्ध करना उसका स्वभाव है। इस कथा में बलराम वर्मा, इन्द्रजीत वर्मा, ईश्वरीय वर्मा, जृयश्री वर्मा , श्यामु वर्मा, तोरण वर्मा, संतोष वर्मा, ईश्वर वर्मा, कल्याणी वर्मा, आदि मौजूद थे।

### लोगों का आस्था का प्रतीक -मुनीबाबा मंदिर



**अंडा।** आस्था का प्रतीक -मुनीबाबा मंदिर -बालोद जिले तांदुला नदी के किनारे देवगहन गांव में स्थित मुनीबावा मंदिर धार्मिक स्थल के रूप में समय के साथ प्रसिद्धि की ओर बढ़ रहा है। गांव और नदी के बीच 9 एकड़ भूमि पर विशालकाय इमली पेड़ों के नीचे मुनीदेव बाबा पिछले 200 वर्षों से स्थापित है। जबस लोग स्वयं से अपनी मनोकामना के लिए दर्शन के लिए आते हैं। भूतपूर्व सरपंच लोकेंद्र साहू ने सन 2012 में स्वयं के खर्च से मंदिर एवं परिसर का जीर्णोद्धार करवाया एवं ज्योति कलश की शुरुआत की। मंदिर पूजारी परब बैगा के देखरेख में इस वर्ष 53 श्रद्धालुओं की आस्था रुपी ज्योत कलश जल रही है। लोग अपनी मन्नत पूरी करने मुनीबाबा मंदिर पहुंचते हैं। पूर्व में भाजपा नेता नरेश यदु एवं विश्वास गुप्ता द्वारा ज्योति कलश कक्ष निर्माण के लिए सहयोग प्रदान किया गया था। इस वर्ष विधायक कुंवर सिंह निषाद के प्रयास से मंदिर परिसर तक विद्युत पोल तार लगवायी गई है।




**कार्यालय राजस्व निरीक्षक सिकोला दुर्ग (छ.ग.)**

विषयः-स्थलजांच बाबत।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तहसीलदार के आ.क. 64 दिनांक 24/12/2024 के पालन में ग्राम सिकोला प.ह.न. 17 भूमिस्वामी श्री / श्रीमती सतनाम कौर पिता/पति बलदेव सिह सालवा निवासीआमदी नगर दुर्ग द्वारा आवेदित ग्राम सिकोला स्थित भूमि खसरा नं. 255/6 रकबा 0.2030 हे. जिसकी सीमा उत्तर में ख.न 255 दक्षिण में ख.न. 254/1, 253 पूर्व में 255 तथा पश्चिम में बाई पास रोड है। का सीमांकन दिनांक 08/04/2025 को पूर्वान्ह / अपरान्ह 10.30बजे किया जावेगा कोई भी व्यक्ति जो उक्त खसरा नंबर की भूमि में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के वैध दस्तावेज नक्शा, खसरा ले-आउट तथा रजिस्ट्री प्रतिलिपि सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। तत् पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

जारी दिनांक-04/04/2025

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं.-सिकोला

**न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग छ.ग.**

**// ईश्तहार //**

**राजस्व प्रकरण ब/121 वर्ष 2025**

एतद् द्वारा आम जनता एवं सर्वसाधारण को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक रोहित कुमार साहू पिता स्व. मेघनाथ साहू निवासी भनसुली (आर) तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया है कि मेरे मां स्व. देवबती पति स्व. मेघनाथ का मृत्यु दिनांक 29.05.2016 को ग्राम भनसुली (आर) प.ह. न. 47 तहसील पाटन जिला दुर्ग में मृत्य होने के कारण मृत्य प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक रोहित कुमार साहू पिता स्व. मेघनाथ साहू निवासी भनसुली (आर) तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर उपरोक्तानुसार मृत्य प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने की कार्यवाही पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 21/04/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 04/04/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ जारी ।

जारी दिनांक 04/04/2025
सुनवाई दिनांक 21/04/2025

मुहर
तहसीलदार
पाटन

### शहर में आज ज्योत जंवारा का विसर्जन

भिलाई। शहर में रविवार 6 अप्रैल को प्रमुख मंदिरों में स्थापित ज्योत जंवारा का विसर्जन किया जाएगा। इसमें प्रमुख रूप से दुर्ग में चंडी मंदिर, लंगूरवीर मंदिर, शीतला मंदिर, कंकालिन मंदिर, शीतला मंदिर सुपेला शामिल है।





## महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव की चल रही तैयारी

# परिक्षेत्रीय महावीर जनकल्याणक महोत्सव 10 अप्रैल को, रानीतराई में रक्तदान शिविर में जुटेंगे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

परिक्षेत्रीय महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव का 31वां वर्ष समारोह इस बार रानीतराई में 10 अप्रैल को सुनिश्चित हुआ है। समारोह में जैन युवा मंच भखारा हेल्प एंड सर्विस फाउंडेशन के तत्वावधान रक्तदान शिविर का आयोजन भी रखा गया है। समारोह में अतिथि नगर पंचायत भखारा अध्यक्ष ज्योति हरख पारख, जपं कुरूद उपाध्यक्ष सतीश रायसोनी, जनपद सदस्य दीपमाला कोचर, कवि राधेलाल लोढ़ा, हास्य कवि थानमल ओस्तवाल एवं हरख पारख विधायक प्रतिनिधि कुरूद नगर पंचायत मंचासिन होंगे। महावीर जन्म कल्याणक समिति के निर्मल जैन एवं यादमल गोलछा ने बताया कि इस अवसर पर जैन युवा मंच भखारा राल एवं हेल्प एन्ड सर्विस फाउंडेशन की ओर से रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा।



### जैन युवा मंच उपस्थिति से बढ़ेगी गरिमा

इस बार भखारा राल जैन समाज की जैन युवा मंच के सभी सदस्य महावीर जयंती में आमंत्रित है। जैन युवा मंच ने रक्तदान शिविर में शामिल होने की अपील की है।

### भव्यता से होती है समारोह

अध्यक्ष निर्मल रायसोनी ने बताया कि जिस गांव में एक घर का जैन है उनके गांव की बारी आने पर समिति में शामिल जामगांव आर, बटरेल, बेलहारी, सुरपा, ओदरागहण, रानीतराई, जैन श्रीसंघ के सभी सदस्य चयनित ग्राम में पहुंचकर बड़े हर्षोल्लास के साथ भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक मनाते है। समारोह में साधु संतों का सानिध्य अनेक बार नहीं मिलने पर समाज के प्रतिष्ठित लोगों को मंचासिन कर समारोह में विविध धार्मिक मार्मिक आयोजन कर संस्कार की नींव को मजबूत करते है।

15



महाष्टमी पर मंदिरों में ...


लाइव इवेंट

## आईआईटी भिलाई में सांस्कृतिक प्रतिनिधित्व में महामारी पर व्याख्यान



**भिलाई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में लिबरल आर्ट्स विभाग ने भारत में सांस्कृतिक प्रतिनिधित्व में कास्ट (ई) एपिडेमिक शीर्षक से एक व्याख्यान का आयोजन किया। यह व्याख्यान भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर) भोपाल की अंग्रेजी विषय के एसोसिएट प्रोफेसर अंतरा चटर्जी द्वारा दिया गया। यह व्याख्यान विभाग की व्याख्यान श्रृंखला इंटरसेक्शन के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया था। सम्पूर्ण भारत के प्रतिष्ठित संस्थानों और विश्वविद्यालयों के मानविकी और सामाजिक विज्ञान के प्रख्यात प्रोफेसरों को इस व्याख्यान श्रृंखला के तत्वावधान में सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व के विषयों पर व्याख्यान देने के लिए आईआईटी भिलाई में आमंत्रित किया जाता है। व्याख्यान में डॉ. चटर्जी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि महामारी रोग के साहित्यिक और सांस्कृतिक निर्माणों में जाति एक महत्वपूर्ण सबटेक्स्ट के रूप में कैसे उभरती है। उन्नीसवीं से लेकर वर्तमान शताब्दी तक के सांस्कृतिक अभ्यावेदन के माध्यम से, प्लेग और हैजा से लेकर मलेरिया और कोविड-19 तक की महामारियों की विशेषता रखते हुए व्याख्यान ने इस बात पर विचार किया कि कैसे जाति ने भारत में संक्रामक रोग के अर्थों और प्रक्षेपवक्र को कॉनफ़िगर किया है। बदले में महामारी के प्रकोप और उनके अभ्यावेदन के भीतर माना और बातचीत की गई है। व्याख्यान में इस बात पर प्रकाश डाला गया कि कैसे साहित्यिक और सांस्कृतिक ग्रंथ शरीर, स्पर्श, दूरी, मलिनता, संदूषण और (अशुद्धता) के स्नेहन को उजागर करते हैं, जो भारत में महामारी रोग निर्माण के भीतर जाति और संक्रामक रोग प्रवचनों के जटिल और विविध रूप को प्रकट करते हैं।

● साइंस कॉलेज में दो दिवसीय अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी में जुटे देश-विदेश के 100 से ज्यादा वैज्ञानिक और प्रोफेसर्स

# वैज्ञानिकों ने अपने रिसर्च में बताया कि पॉलीमर से संभव है सर्वाइकल कैंसर का इलाज, प्रकाश संश्लेषण के उपयोग से बन रही सोलर एनर्जी

भारत सरकार के राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान रूसा 2.0 एवं छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के वित्त पोषित शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग ने अंतराष्ट्रीय स्तर पर मटेरियल साइंस विषय पर संगोष्ठी का का आयोजन किय। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रसायन एवं जैव रसायन विभाग शारदा विश्वविद्यालय नोएडा के प्रोफेसर और रिसर्चर डॉ. एन.बी. सिंह रहे। मुख्य वक्ता नटॉल साउथ अफ्रीका के प्रोफेसर एसबी जोनालगड्डा थे। वे इस समय स्कूल ऑफ केमेस्ट्री तथा फिजिक्स यूनिवर्सिटी ऑफ क्वाजूजू नटॉल में सेवारत हैं। उन्होंने सस्टेनब्लिटी के व्यवहारिक जीवन में योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि यह एक विरासत है जो पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होनी चाहिए। हरित रसायन पर अपने अनुसंधानात्मक कार्यों का विवरण देते हुए इस प्रणाली को पर्यावरणीय अनुकूल तथा मितव्ययी बताया।

**दुर्ग।** आयोजित कार्यक्रम के तकनीकी सत्रों में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिकों ने अपने रिसर्च और कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कैमिकल टेक्नोलॉजी हैदराबाद के प्रोफेसर रोहित कुमार राणा ने बताया विज्ञान के अध्ययन ने हमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग बनाया है। नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान विद्यालय रायपुर की डॉ. सुनीता सांवरिया ने स्व संयोजित क्लॉक को पॉलीमर की उपयोगिता सर्वाइकल कैंसर के उपचार में बताया। यूलिन यूनिर्वसिटी पीआर चाईना के डॉ. संतोष वर्मा ने हाईड्रोजन गैस की उत्पत्ति के क्षेत्र में अपने कार्यों को दर्शाया। इसके बाद डॉ. रतीराम गोमाजी चौधरी आरटीएम नागपुर विश्वविद्यालय ने जैव प्रेरित नैनो मटेरियल का नैदानिक रोग जनको के अवरोधन में अनुप्रयोग बताया। बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी के प्रो. अखिलेश कुमार सिंग ने काम्पलेक्स आक्साइड सिरोमिक्स की सेंसर एवं ऊर्जा के क्षेत्र में बहुपयोगिता को दर्शाया। इसी क्रम में डॉ. सूर्या पी. सिंह सीएसआईआर हैदराबाद ने रंजक संवेदी सौर सेल के औद्योगिक महत्व का वर्णन किया। अगले तकनीकी सत्र में आईआईसीटी हैदराबाद के







प्रोफेसेर लिंगूमुलू गिरी ने प्राकृतिक प्रकाश संश्लेषण विधि का उपयोग सोलर एनर्जी में किए जाने की जानकारी दी। अंतिम सत्र में विभिन्न संस्थानों से आए शोधार्थियों ने पोस्टर प्रदर्शनी में सहभागिता दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने अध्यक्षीय भाषण दिया। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. सुकुमार चटर्जी, विभागाध्यक्ष रसायनशास्त्र ने इस कार्यशाला के उपयोगिता की जानकारी दी। इस अवसर पर देश-विदेश से आए 100 से ज्यादा प्रोफेसर, वैज्ञानिक, रिसर्चर शामिल हुए।

+कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुनीता मैथ्यू ने किया। संगोष्ठी में विभिन्न देश-विदेश के प्राध्यापक शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। समापन संत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर एसबी जोनालगड्डा (स्कूल ऑफ केमेस्ट्री तथा फिजिक्स यूनिवर्सिटी ऑफ क्याजूजू नटॉल साऊथ अफ्रीका) उपस्थित थे।

## साइंस कालेज पूर्व विद्यार्थियों की अनूठी पहल, सहपाठी की स्मृति में मित्र मिलकर देंगे प्रावीण्यता पुरस्कार

साइंस कॉलेज के भूगर्भशास्त्र विभाग के भूतपूर्व विद्यार्थियों ने अनुकरणीय पहल की है। विभागाध्यक्ष डॉ. एसडी देशमुख ने बताया कि कुछ वर्षों पूर्व भूगर्भशास्त्र से स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त भूतपूर्व छात्र विवेक कुमार श्रीवास्तव का आकस्मिक निधन हो गया था। उसकी स्मृतियों को संजोकर रखने हेतु भूगर्भशास्त्र के लगभग 15 भूतपूर्व विद्यार्थियों ने मिलकर लगभग ढाई लाख रुपये एकत्रित कर यह निर्णय लिया कि इस राशि को बैंक में फिक्सड डिपॉजिट कर प्रतिवर्ष उससे प्राप्त होने वाले ब्याज से एमएससी भूगर्भशास्त्र के प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर में सर्वोच्च अंक प्राप्त विद्यार्थी तथा तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को पुरस्कृत किया जाए। इस संबंध में प्रावीण्य सूची में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले दोनों विद्यार्थियों को लगभग 4000–4000 रुपये पुरस्कार के रूप में प्रदान किए जाएंगे। सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि भूतपूर्व विद्यार्थियों ने मेरिट स्कॉलर को नकद पुरस्कार देने के साथ–साथ यह भी निर्णय लिया कि वे जिन प्रतिष्ठानों में कार्यरत उनमें भर्ती हेतु विभाग के विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया जाए। जब भी कोई भूतपूर्व विद्यार्थी दुर्ग शहर आते हैं, तो वह यह प्रयास करें कि भूगर्भशास्त्र विभाग में विजिट कर विद्यार्थियों हेतु जानकारी युक्त आमंत्रित व्याख्यान देवें। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय सिंह ने भूतपूर्व विद्यार्थियों की पहल का स्वागत करते हुए बताया कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र में भूगर्भशास्त्र विभाग में लगभग 10 से अधिक भूतपूर्व विद्यार्थियों ने आमंत्रित व्याख्यान देकर वर्तमान में अध्ययनरत विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हुये उनके ज्ञान में वृध्दि की है।



सिटी इवेंट

## संस्कृति के प्रति नैतिक जिम्मेंदारी का करें निर्वहनसंस्कृति के प्रति नैतिक जिम्मेंदारी का करें



**भिलाई।** संस्कृत मित्र मंडल के सदस्यों द्वारा नववर्ष का स्वागत चौक-चौराहों पर भगवा ध्वज लहराकर किया गया। इस अवसर पर 11 विभिन्न विद्यालयों के 20 से अधिक संस्कृत शिक्षकों ने कार्यक्रम में भाग लिया। संस्कृत मित्र मंडलम के महासचिव डॉ अजय आर्य ने कहा कि संस्कृत शिक्षक की भूमिका शिक्षक से बढ़कर है। संस्कृति के प्रति नैतिक जिम्मेंदारी से निर्वहन करें।

संस्कृत सेवकों ने भारतीय संस्कृति के प्रतीक भारतीय नव संवत्सर पर ओम ध्वज लहराया। उपाध्यक्ष अनुपमा उपाध्याय ने कहा कि संस्कृत और संस्कृति दोनों एक दूसरे के आश्रित हैं। हम सब का कर्तव्य है कि हम भारतीय संस्कृति से दुनिया के लोगों को जोड़े। इस अवसर पर संतोष कुमार चौबे ने भारतीय नववर्ष पर जगत कल्याण की प्रार्थना को दोहराते हुए विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना की।

कार्यक्रम में डॉ अजय आर्य केंद्रीय विद्यालय दुर्ग, संतोष कुमार चौबे, वेद प्रकाश, डॉ वागीश चन्द्र त्रिपाठी, संतोष दहातोंडे, प्रीति भट्ट, आशा यादव, सुनीता धीवर, अजय कुमार, अंजनी गुप्ता, मनीषा सोनी, अमित मिश्रा, अनुपमा उपाध्याय, जसविंदर कौर, झरना, अंजनी गुप्ता, धात्री साव सहित अन्य स्कूलों के संस्कृत शिक्षक उपस्थित थे।

# शीतला मंदिर में नवरात्र पर छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम की बिखरी छटा

**दुर्ग।** सिविल लाईन कसारीडीह स्थित प्रसिद्ध मां सतरुपा शीतला मंदिर में नवरात्र पर दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। इस अवसर पर गरियाबंद के लोक कलाकार दुष्यंत हरमुख निर्देशित छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग झरोखा का रंगारंग आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों की गीत, संगीत व आकर्षक नृत्य की प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं का देर रात तक भरपूर मनोरंजन किया।

ऋकार्यक्रम में दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर,जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, जनपद सदस्य संतोषी कृष्णा देशमुख, एमआईसी सदस्य लीलाधर पाल, पार्षद सरिता विनोद चंद्राकर, मनीष कोठारी, प्रकाश गीते, संजय अग्रवाल, बबीता गुड्डू यादव बतौर अतिथि





शामिल हुए। इस दौरान अतिथियों ने श्रद्धालुओं को नवरात्र पर्व की बधाई देते हुए आयोजन की सराहना की और समिति के धार्मिक व सेवाभावी कार्यक्रम में सहभागी बनकर समिति को हरसंभव मदद करने का भरोसा दिलाया गया। कार्यक्रम में सतरुपा शीतला सेवा समिति द्वारा अतिथियों को शाल-श्रीफल व मोमेन्टो भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंदिर समिति के संरक्षक भीखम साहू ने किया।

इस अवसर पर सतरुपा शीतला सेवा समिति के अध्यक्ष रोमनाथ साहू, उपाध्यक्ष शिवसागर सिन्हा, सचिव प्रदीप देशमुख, सह-सचिव पुष्पा श्रीवास, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र धर्माकर, कार्यकारिणी सदस्य चम्पा साहू, तामेश्वर यादव, सदस्य कृष्णा देशमुख, गणेश निर्मलकर, रणधीर सिह राजपूत, राजेश साहू, दीनानाथ निर्मलकर, भारतेन्दू गौतम, विनोद चंद्राकर, राजा सिंह राजपूत, रामसिंह वर्मा, अरुण साहू, ईश्वर अग्रवाल, धनेश सिंह राजपूत, श्रीधर भजने के अलावा गणमान्य नागरिक व श्रद्धालु बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## प्रकाश को अध्यक्ष और महेन्द्र को मिली सचिव की जिम्मेदारी







**दुर्ग।** जैन सोशल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन दुर्ग-भिलाई इकाई का पिछले दिनों गठन किया गया। अध्यक्ष दीपक जैन, सोहन जैन, उत्तम बरड़िया की उपस्थिति में अगामी दो साल के लिए टीम का गठन किया गया। सर्वसम्मति से समाज के सक्रिय युवा उत्साही और रचनात्मक, सामाजिक कार्य में शामिल होने वाले साथियों को चुना गया। बैठक में अध्यक्ष का दायित्व प्रकाश गोलछा, उपाध्यक्ष राजेश सांखला, सचिव महेन्द्र दुग्गड, सहसचिव चुन्नीलाल दुग्गड़ और कोषाध्यक्ष पद पर राजेश नाहटा चुने गये। टीम साथिकों ने अपने इस दायित्व पर धन्यवाद और विश्वाहा दिलाया कि जैन सोशल गुप को जो भी दायित्व दिया जाएगा सक्रियता और सहभागिता से निभाया जाएगा।

■ जैन सोशल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन दुर्ग-भिलाई का गठन

पीआरओ संजय बोहरा ने बताया कि संस्था इंटरनेशनल स्तर पर सक्रिय हो, समाज और अपने शहर में रचनात्मक, सामाजिक कार्य जो कैलेंडर वर्ष में दिया जाता, उसे पूरा करे, बनाई गई है। संस्था अगामी महावीर जयंती पर भी पूरा सहयोग करेगी।

सिटी इवेंट

## देश में 30 फीसदी से ज्यादा मौतें हार्ट अटेक से, दोषपूर्ण जीवन शैली और जानकारी का अभाव

**भिलाई।** दूसरे देशों के तुलना मे भारतीयों में 8 से 10 साल पहले हार्ट अटेक की समस्या सामने आ रही है। भारत मे लगभग 30% मृत्यु हार्ट अटेक से हो रही है। इसका मुख्य कारण दोषपूर्ण जीवन शैली और जानकारी का अभाव है। उक्त बातें सीनियर इंटरवेंशन कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. चंदन कुमार दास ने कहीं। उन्होंने कहा कि वल्ड हेल्थ फेडरेशन के अनुसार असामयिक हार्ट के बीमारियों का शिकार होने का मुख्य कारण है अनियंत्रित ब्लड शुगर, अनियंत्रित उच्च रक्त चाप, कोलेस्ट्रॉल, तम्बाकू सेवन, अस्वास्थ्यकारी आहार, शारीरीक निष्क्रियता, मानसिक तनाव, दूषित वातावरण और शराब का इस्तेमाल। 25 वर्ष से अधिक उम्र होने पर किसी भी समस्या को हल्के में नहीं लेना चाहिए। समाज में 40% लोगों मे डाइबिटीस, हाई ब्लड प्रेशर तथा हार्ट की बीमारियों को बिना किसी लक्षण से पाई जाती है। साधारणतः हमारे समाज में हार्ट की बीमारी या हार्ट अटेक जैसी बातें सिर्फ बुजुर्गों के लिए ही समझी जाती है। परन्तु आज भारत में 19 साल के बालक को भी हार्ट अटेक आ रहा है। इसलिए वर्तमान समय में ज्यादा अवेयर रहकर वर्तमान लाइफ स्टाइल को अपनाना चाहिए।



अमरीका की सॉफ्टवेयर कम्युनिटी सी-शार्क ने रूंगटा आर-1 कॉलेज में कराया हैक इंडिया हैकाथॉन...

कार्नर न्यूज

# जेनेटिक बीमारियों का स्त्रोत बताएगा खास ऐप घंटों में बनेंगे निवासी और आय प्रमाण पत्र

अमरीका की सी-शार्क सॉफ्टवेयर कम्युनिटी इन दिनों भारत के हर राज्य में विद्यार्थियों को टेक्निकल मंच देने के लिए हैक इंडिया हैकाथॉन करा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार और शनिवार को भिलाई के रूंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज (आर-1) में भी 36 घंटे नॉन स्टॉप सॉफ्टवेयर कोडिंग कॉम्पीटिशन हैक इंडिया हुआ। इसमें देशभर के कॉलेजों से आई 20 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रथम स्थान रूंगटा आर-1 की टीम को मिला, जिन्होंने ऐसा आधुनिक टूल्स तैयार किया, जिससे वंशानुकृत बीमारियों को रोका जा सकेगा। कॉलेज की फॉर योर आइज ओनली टीम ने फैमिली ट्री नाम का सॉफ्टवेयर तैयार किया है, जो लोगों की फैमिली हिस्ट्री को संभालकर रखेगा। दादा पर दादा के समय से लेकर मौजूदा समय तक की हर छोटी-बड़ी डिटेल इसमें फीड होगी। इससे सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि लोग अपनी जैनेटिक बीमारियों को आसानी से पहचान सकेंगे। इससे इलाज में बड़ी राहत मिलेगी। ये सॉफ्टवेयर कॉलेज के कंप्यूटर साइंस विभाग के छात्र शिवम अंश भारद्वाज, अनेपु सागर, सार्थक श्रीवास्तव ने मिलकर तैयार किया है।



**भिलाई।** हैक इंडिया हैकाथॉन को कराने के पीछे कम्युनिटी का मकसद विद्यार्थियों में उनकी टेक्निकल स्किल्स को बढ़ाना था। इवेंट का दूसरा पुरस्कार भी रूंगटा की टीम ने ही हासिल किया। टीम ने छत्तीसगढ़ सरकार के लिए ऐसा विशेष सॉफ्टवेयर टूल तैयार किया है, जिसकी मदद से आय प्रमाण पत्र, निवास पत्र, जाति प्रमाण सरीखे तमाम दस्तावेजों को बनाने और सत्यापित करने में लग रहा समय खत्म हो जाएगा। पूरा प्रोसेस ऑनलाइन होगा। हितग्राही जैसे ही अपनी जानकारी सॉफ्टवेयर को देगा, संबधित विभाग उसका मिलान करने के बाद इसे ऑनलाइन ही वेरीफाई कर सकेंगे। प्रदेश के सभी विभाग सॉफ्टवेयर से कनेक्ट होंगे। जिससे दस्तावेजों का सत्यापन बेहद आसान हो जाएगा। खास बात यह है कि ब्लैक चेन नेटवर्क पर होगा, जिसे हैक नहीं किया जा सकता। ऐसे में दस्तावेजों की सुरक्षा पुख्ता हो जाएगी। इस सॉफ्टवेयर के जरिए ही प्रोसेस पूरी होने के बाद प्रमाणपत्र सीधे हितग्राही को मिल सकेगा।

### दिल्ली में होगा फिनाले, अभी से शुरू की गई तैयारी

हैक इंडिया हैकाथॉन के लिए अमरीकी सॉफ्टवेयर कम्युनिटी ने प्रदेश के लिए रूंगटा आर-1 कॉलेज को एकमात्र चुना। इसके लिए देशभर से 135 टीमों के आवेदन मिले, जिसमें से उनके आइडिया को परखने के बाद 75 टीमों को शॉर्ट लिस्ट किया गया। प्रतियोगिता का तीसरा पुरस्कार भिलाई सीएसवीटीयू टेक्निकल यूनिवर्सिटी ने हासिल किया। हैक इंडिया परखने के लिए निर्णायक अमरीका और यूथोपिया से पहुंचे थे। हैक इंडिया में जीत हासिल करने वाले प्रतिभागी अब सितंबर में दिल्ली के लीला पैलेस में होने वाले ग्रेंड फिनाले में शामिल होंगे। कार्यक्रम में सीएस की फैकल्टी डॉ. हूमा खान और डॉ. अजय कुशवाहा का योगदान रहा।



## सिटी इवेंट

# नई शिक्षा नीति में छात्रों की 75 फीसद उपस्थिति अनिवार्य



**भिलाई।** शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव, मुख्य वक्ता डॉ. जगजीत कौर सलूजा, प्राध्यापक भौतिकी शास. विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ. सलूजा ने देश में नई शिक्षा नीति लागू करने के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। जिसके बाद चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम की संकायवार विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होनें नई शिक्षा नीति के अंतर्गत कोर कोर्स जीई, वेल्यू ऐडेड सेक कोर्स की जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि नई शिक्षा नीति में नियमित छात्राओं के 75 फीसद उपस्थिति अनिवार्य है। उपस्थिति कम होने पर विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे। उन्होने छात्राओं को बताया कि आंतरिक परीक्षा में उपस्थित होना अनिवार्य है। क्यों कि नियमानुसार दोबारा आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा की व्यवस्था नहीं होगी। एक सेमेस्टर से दूसरे सेमेस्टर में जाने के लिए नई शिक्षा नीति नियमावली की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। डॉ. कौर ने छात्राओं को नई शिक्षा नीति के मूल्यांकन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए सीजीपीए की गणना उदाहरण देकर समझाया। चार वर्षीय सामान्य पाठ्यक्रम एवं ऑनर्स पाठ्यक्रम के अन्तर की स्पष्ट किया। कार्यशाला में महाविद्यालय की लगभग तीन सौ छात्राओं ने अपनी सहभागिता दी। कार्यक्रम में नई शिक्षा नीति की संयोजक डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल , सदस्य डॉ. सुषमा यादव, डॉ. मंजूलता साव एवं महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुजा चौहान एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुषमा यादव ने किया।

## धर्म लाइव

# कालीबाड़ी में बसंती दुर्गा पूजा की धूम, बंग समुदाय हुए शामिल



**भिलाई।** चैत्र नवरात्रि की षष्ठी तिथि में प्रवेश के साथ गुरुवार को बंग समुदाय में बसंती दुर्गा पूजा शुरू हुई ' सिंधिया नगर कालीबाड़ी समिति दुर्ग के द्वारा कालीबाड़ी मंदिर प्रांगण में बसंती दुर्गा पूजा का आयोजन किया। पहले दिन मां का आमंत्रण और अधिवास वैदिक मंत्र उपचार के साथ किया गया ' पुरोहित देवाशीष मिश्रा एवं उनके सहयोगियों द्वारा विधि विधान के साथ सभी धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए जा रहे हैं। शनिवार को अष्टमी की पूजा पूरी विधि विधान से किया गया। समिति के महासचिव शीतल दास ने बताया कि यह पूजा का 17 वर्ष है। सप्तमी अष्टमी एवं नवमी को पूजा अर्चना और शाम को महाआरती के बाद खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत सप्तमी के दिन स्थानीय कलाकारों द्वारा कराओके म्यूजिकल नाइट का आयोजन किया गया। जिसमें दिलीप बोस, तपन नाग, देवाशीष महापात्र, स्वपन घोष, रतिन्द्र घोष, प्रशांत सरकार, बिपाशा रॉय, तोमा दास, अनिंदिता गांगुली ने मनमोहक प्रस्तुति दी। अष्टमी के दिन मेलोडियस कराओके ग्रुप द्वारा प्रस्तुति दी गई। नवमी को महिलाओं के लिए शंख बजाओ उलू बजाओ, कविता, नृत्य आदि कार्यक्रम आयोजित है।

### नौवे रुप की पूजा होगी

कालीबाड़ी समिति के कोषाध्यक्ष प्रशांत सरकार ने बताया कि रविवार को देवी के नौवें रूप की पूजा अर्चना की जाएगी। सोमवार को देवी को विदा करने के बाद सिंदूर खेला का आयोजन किया गया है तत्पश्चात शाम को प्रतिमा विसर्जित किया जाएगा। सिंधिया नगर कालीबाड़ी समिति की ओर से अध्यक्ष पी के डे, उपाध्यक्ष एस के भौमिक, दिलीप बोस, महिला विंग से लिपि दास, सुमोना दास, नबोनिता मुंशी आदि कार्यकर्ता अपनी सेवाएं दे रहे है।

## समाज इवेंट

# ब्राह्मण समाज का उपनयन संस्कार 9 को, जिलों से 15 बटुकों का लक्ष्य

**भिलाई।** सरयूपारिण ब्राम्हण समाज दुर्ग द्वारा 9 अप्रैल को सामाजिक भवन लुचकी पारा दुर्ग में उपनयन संस्कार का आयोजन किया जा रहा है। उपनयन संस्कार के लिए 15 बटुकों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह संस्कार व विधान आचार्यों द्वारा पूरे विधानपूर्वक संपन्न कराया जायेगा। बटुकों को केवल 1 नारियल, 2 घोती और शगुन राशि समाज में जमा करनी होगी। बारात के लिए पोशाक व खड़ाऊ की व्यवस्था बटुक परिवार को करनी होगी। समाज की ओर से बटुक सहित 5 सदस्यों के चाय और नाश्ते सहित भोजन की व्यवस्था निशुल्क रहेगी। शेष बटुक परिवार के सदस्यों को प्रति सदस्य के हिसाब से भोजन के लिए कूपन करवाना होगा। उपनयन संस्कार से संबंधित शेष व्यवस्थायें समाज की ओर से की जायेंगी। सभी बटुकों और उनके परिवारजनों को 9 अप्रैल की सुबह 7 बजे सामाजिक भवन में उपस्थिति होना रहेगा। अतिरिक्त सदस्यों की जानकारी बटुक परिवार को 6 अप्रैल तक देनी होगी। उपनयन संस्कार के लिए इच्छुक सदस्य अधिक जानकारी के लिए सामाजिक भवन में और अपर्णा शैलेन्द्र चौबे, शैल किरण शुक्ला, तूलिका तिवारी, गीतांजली तिवारी से संपर्क करके सकते है। समाज के लोगों ने बताया कि इस अवसर पर पदाधिकारी व सदस्य प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। विधि-विधान से सारे संस्कार पूरे किए जाएंगे। इसे लेकर बच्चों का पंजीयन किया जा रहा है।

- सरयूपारीण ब्राह्मण समाज का आयोजन

● भये प्रकट कृपाला, दिन दयाला बधाई गीत के साथ मनायेंगे रामनवमी, होंगे विविध आयोजन

# महाष्टमी पर मंदिरों में हवन-पूजन के बाद डाली आहुति, निकली शोभायात्रा, हुए भंडारे व कन्या भोज, आज होगा राम जन्मोत्सव

**भिलाई।** चैत्र नवरात्र की महाअष्टमी तिथि पर ट्विनसिटी के सभी देवी-मंदिरों और घरों में हवन-पूजन किया गया। नवरात्र में उपवास रखने वाले श्रद्धालुओं ने पूर्णाहुति के साथ अपना उपवास तोड़ा और देवी मंत्रोच्चार से मंदिर परिसर में गूंजता रहा। अष्टमी को लेकर देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का देवी दर्शन के लिए तांता लगा रहा और दिनभर भक्तों के मंदिरों में पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। शनिवार को महात्मा गांधी नगर कैंप 2 पावर हाउस से भक्तों दवरा सुबह 9 बजे राम, लक्ष्मण, हनुमान, माता दुर्गा की भव्य झांकी शोभा यात्रा के रुप में निकाली गई। जो पावर हाउस, लिंक रोड से होते हुए सेक्टर 1 मैहर मंदिर पहुंची।

शहर के देवी मंदिरों में महाअष्टमी के अवसर पर सेक्टर 6 बंम्लेश्वरी मंदिर, आदि शक्ति मां जगदंबा मंदिर महाराणा प्रताप भवन सेक्टर 7, मां शारदा मंदिर सेक्टर 1, सत्ती चौरा चंडी मंदिर दुर्ग, शीतला माता मंदिर सुपेला, राज राजेश्वरी मंदिर पावर हाउस, बघुआ मंदिर रामनगर, माता शीतला व काली मंदिर संतोषी पारा सहित सभी देवी मंदिरों में सुबह से लेकर शाम तक हवन-पूजन होते रहे। नवरात्र में महाष्टमी का विशेष महत्व है, जिसे देखते हुए मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिरों में सुबह माता की विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद हवन-पूजन का आयोजन किया गया। सेक्टर 6 बंम्लेशवरी मंदिर में सुबह माता का अभिषेक कर विशेष श्रृंगार और पूजन किया गया। सुबह से ही हवन-पूजन के तैयारियां चल रही थीं और दोपहर तीन बजे से हवन-पूजन शुरू हुआ, जो शाम 6 बजे तक चला। श्री गुजराती समाज सेक्टर 4 मां वैष्णवी मंदिर के अध्यक्ष ललित पंड्या ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्वकल्याणार्थ के लिए शनिवार की सुबह 8.30 से 11 बजे तक पूजन एवं 11 बजे से 12 बजे तक हवन यज्ञ- पूर्णाहुति, 12 बजे से आरती और प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तों ने माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।





### मर्यादा पुरुषोत्तम राम की प्रतिमा का हुआ अनावरण

श्रीराम चौक सुपेला में वनवासी राम की आदम कद प्रतिमा स्थापित की गई।प्रतिमा का अनावरण व प्राण प्रतिष्ठा शनिवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया।इस दौरान हवन पूजन के बाद कन्या भोजन कर महाभंडारे का आयोजन किया गया। महाअष्टमी पर कई घरों में भी कन्या पूजन कर भोज कराया गया।



### आज भये प्रकट कृपाला दीन दयाला की गूंजेगी बधाई गीत

मान्यतानुसार प्रभु राम का जन्म चैत्र पक्ष की नवमी तिथि पर दोपहर 12 बजे माना जाता है। नवमी तिथि पर बंम्लेश्वरी मंदिर में दोपहर 12 बजे झूले पर प्रभु राम का जन्मोंत्सव हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इस दौरान महिलाएं भये प्रकट कृपाला दीन दयाला गाकर राम स्तुति व भजन गाया जाएगा। सोहर गीत गाते हुए किया जाएगा।



### सांसद, आईजी व एसपी ने बांटा प्रसाद

आकाशगंगा स्थित ढिल्लन कॉम्पेक्स में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें दुर्ग सांसद विजय बघेल, आईजी रामगोपाल गर्ग, एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने शामिल होकर भक्तों को महाप्रसाद बांटा, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने सभी को नवरात्रि और रामनवमी की शुभकामनाएँ दी। वही आईजी रामगोपाल गर्ग ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज को जोड़ने का काम करते हैं और महाभंडारे में चाहे सेवा करने वाला हो या प्रसाद पाने वाला सभी को पुण्य मिलता है। आकाशगंगा के इस कॉम्पलेक्स के सभी व्यापारी और पत्रकार मिलकर इस महाभंडारे का आयोजन कई वर्षों से करते आ रहे हैं। सभी अतिथियों का सम्मान खिलावन सिंह चौहान ने माई की चुनरी ओढ़ाकर किया।



## आयोजन

# सिंफोनिया 2025 में दिखा प्रतिभा और उत्साह का संगम, विजेता हुए पुरस्कृत

**भिलाई।** क्रिश्चियन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी भिलाई में वार्षिक आयोजन सिंफोनिया-2025 का आयोजन किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों का सप्ताहभर उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि तुषार त्रिपाठी सहायक निदेशक वाणिज्य और उद्योग विभाग छग शासन द्वारा किया गया। समारोह की अध्यक्षता हिस ग्रेस एलेक्सो मार इसुबीयस ने की। इस दौरान फादर डॉ. पी. एस. वर्गीज, कार्यकारी उपाध्यक्ष उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ. जीतेंद्र तिवारी से पूरे वर्ष के संस्थान द्वारा प्राप्त उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और सभी को उत्कृष्टता और नवाचार की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। फादर डॉ. पी. एस. वर्गीज ने अपने भाषण में संस्थान की दूरदर्शी सोच को साझा किया और नैक द्वारा प्राप्त ए ग्रेड को उल्लेखित किया। तुषार त्रिपाठी ने छात्रों से नवाचार को अपनाने व समाज की प्रगति में योगदान देने को कहा। उन्होंने यह भी कहा कि यहां अर्जित की गई क्षमताएं न केवल आपके करियर को आकार देंगी, बल्कि आपको अपने समुदाय और देश में सकारात्मक बदलाव लाने में भी समर्थ बनाएंगी। उन्होंने शिक्षा की भूमिका को भविष्य के नेताओं को गढ़ने में महत्वपूर्ण बताया और शिक्षकों की निरंतर प्रतिबद्धता की सराहना की। साथ ही छात्रों को शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल पर ध्यान देने के लिए प्रोत्साहित किया।



उत्सव की शुरुआत इंटर कॉलेज म्यूजिक बैंड कॉम्पिटिशन से हुई, जिसमें विभिन्न कॉलेजों की भागीदारी रही। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नृत्य और संगीत प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतिभागियों की ऊर्जा, रचनात्मकता और प्रतिभा ने पूरे माहौल को उत्साह और उमंग से भर दिया। खेल और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं की श्रृंखला ने प्रतिस्पर्धा की भावना, मित्रता और खेल भावना को बढ़ावा दिया। इन गतिविधियों ने छात्रों की बहुआयामी प्रतिभा को उजागर किया और कॉलेज समुदाय में टीमवर्क तथा सहयोग की भावना को और भी मजबूत किया। कार्यक्रम में विजेताओं को शैक्षणिक उत्कृष्टता पुरस्कारों, प्रशस्ति पत्रों और नकद पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सह-संयोजकों विनय कुमार, लिंसी मेंडोंजा और उत्तम कर को महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## शैलदेवी महाविद्यालय के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण

# उत्तराखंड के धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों का किया भ्रमण, गंगा आरती में हुए शामिल




**भिलाई।** विद्यार्थियों को व्यवहारिक अनुभव प्रदान करने शैलदेवी महाविद्यालय अंडा दुर्ग के बी.एड. द्वितीय सेमेस्टर के प्रशिक्षार्थियों के लिए हरिद्वार, ऋषिकेश, मसूरी, देहरादून का शैक्षणिक भ्रमण किया गया। हरिद्वार में विद्यार्थियों ने शांतिकुंज, गंगा घाट की आरती, मनसा देवी मंदिर, देव संस्कृति विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय, धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को नजदीक से जाना और समझा। मसूरी में केंपटी फॉल, माल रोड, तपकेश्वर महादेव मंदिर दर्शन, ऋषिकेश में राम झूला, लक्ष्मण झूला और जानकी मंदिर और एक पेज में गीता का सार जैसी अद्भूत दृश्यों को देखा। साथ ही देहरादून में विद्यार्थियों ने सहस्त्रधारा का आनंद लिया।

इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने एक-दूसरे के साथ रहकर सामंजस्य बनाने, तात्कालिक निर्णय, विषम परिस्थितियों में भी तालमेल बैठाने, समय प्रबंधन, आयोजन, समायोजन और प्रबंधकीय कौशल सहित जीवन के महत्वपूर्ण पहलूओं को जाना और सीखा।

महाविद्यालय की रमिता यादव, डॉ. सुरेखा साहू, हीरा मानिकपुरी, राजेश साहू, अनुप देशलहरे ने यात्रा के दौरान विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि शैक्षणिक भ्रमण अकादमिक कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण घटक है। यह छात्रों को कक्षा के बाहर सीखने और उपयोगी व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है। विद्यार्थियों के बीच से टीम लीडर के रूप में थानेन्द्र देशमुख एवं खिलेश्वरी अठनागर ने अपने जिम्मेंदारी निभाई।

## श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में कार्यशाला का आयोजन

कार्नर न्यूज

### श्रीशंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में लाइफ साइंस विभाग का आयोजन

# एंजाइम की कार्यप्रणाली और बारीकियां सीख रहे 40 विद्यार्थी, किया अध्ययन व प्रयोग

**भिलाई।** स्थानीय श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में लाइफ साइंस विभाग के तत्वावधान में एक सप्ताह की कार्यशाला में विद्यार्थी एंजाइम की उत्प्रेरक क्षमता और कार्यप्रणाली सीख रहे हैं। इस क्षेत्र में अग्रणी बायो इनोवेल लाइफ साइंस कंपनी के एक्सपर्ट्स द्वारा 40 प्रतिभागियों को एंजाइम के विषय में बारीकियां सिखा रहे हैं। विशेषज्ञ डॉ डी साहू ने बताया कि बायो कैटलिसिस में एंजाइम जैव रासायनिक प्रतिक्रियाओं को तेज करते हैं जो उन्हें जैव उत्प्रेरक बनाते हैं। एंजाइम एक प्रकार के प्रोटीन होते हैं जो जैव रासायनिक प्रतिक्रियाओं की गति को बढ़ाने में अपना योगदान तो देते हैं लेकिन स्वयं अप्रभावित रहते हैं। कार्यशाला की संयोजक डॉ शैफाली माथुर ने विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए बताया कि एंजाइम विभिन्न सूक्ष्म जीवों जैसे बैक्टीरिया और फंगस से उत्पादित किए जा सकते हैं। इनके उत्पादन में तापमान, पी एच और पोषक तत्व नियंत्रक का कार्य करते हैं।





### विद्यार्थियों ने किया विभिन्न प्रयोग

कार्यशाला में एंजाइम की गतिविधियों को मापने और उसकी महत्वपूर्ण भूमिका को विद्यार्थियों ने प्रयोगों के माध्यम से देखा। लाइफ साइंस की विभागाध्यक्ष डॉ निहारिका देवांगन ने बायो कैटलिसिस के सिद्धांतों से परिचय कराते हुए बताया कि सक्रिय साइट सबस्ट्रेट के साथ जुड़ती है जिससे प्रतिक्रिया तेज हो जाती है। इसके पीछे इलेक्ट्रो स्टैटिक आकर्षण होता है, जिससे गति बढ़ जाती है। आगे जानकारी देते हुए बताया कि एंजाइम, सबस्ट्रेट को एक विशिष्ट अभिन्यास में रखता है जिससे गति प्रभावित होती है और तेज हो जाती है।एंजाइम के इसी उत्प्रेरक गुण के अध्ययन के लिए कार्यशाला में विभिन्न प्रयोग विधार्थियों ने किए तथा गुणों का अध्ययन और विश्लेषण किया।माइक्रोबायोलॉजी एवं बायोटेक्नोलॉजी के विद्यार्थियो को इस कार्यशाला में नई तकनीक के अध्ययन का लाभ मिला, साथ ही उन्हें इस क्षेत्र की विभिन्न इकाइयों में इंटर्नशिप का भी अवसर मिलेगा। लाइफ साइंस की डॉ श्वेता गायकवाड़, परख सहगल, माधुरी पटेल, डॉ नरेश देवांगन, निकिता चंद्राकर ने लगातार विधार्थियों के प्रायोगिक कार्य में सहयोग किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ ए के झा, कुलसचिव डॉ स्मिता सिलेट उपस्थित थे।

# ग्राम्य विकास के लिए तैयार होगा मसौदा, अनुमोदन के बाद भेजा जाएगा मुख्यालय

आलोक तिवारी ▶▶| दुर्ग

राज्य सरकार का बजट पास होने के बाद अब बारी ग्राम पंचायतों की है। दुर्ग जिले में तीन ब्लॉक है। ग्राम पंचायत 297 व गांव 388 हैं। दरअसल प्रतिवर्ष वित्तीय वर्ष में ग्राम पंचायतों का भी बजट प्रस्ताव होता है लेकिन इस बार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होने की वजह से ग्राम पंचायतों के बजट में विलंब हुआ। चुनाव निपटने के बाद नई पंचायत की बॉडी तो बन गई लेकिन पंचायत सचिवों की हड़ताल ने बजट के काम को आगे बढ़ने नहीं दिया। उम्मीद की जा रही है कि मई अंत तक ग्राम पंचायतों के बजट को ग्रामसभा से अनुमोदन के बाद जिला मुख्यालय भेजा जाएगा।

राज्य सरकार की तरह ग्राम पंचायतों में भी बजट बनाए जाने का प्रावधान है। ग्राम पंचायतों के बजट में ग्राम विकास का मसौदा तैयार किया जाता है। राज्य सरकार की योजनाओं, अनुदानों, विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन का लक्ष्य और पंचायतों के आय-व्यय को निर्धारित किया जाता है। ग्राम पंचायतों के सचिव द्वारा प्रारंभिक बजट को तैयार कर स्वीकृति के लिए स्थानीय समिति के बाद ग्राम पंचायत की सामान्य सभा में लाया जाता है। ग्राम पंचायत की सामान्य सभा बजट को स्वीकृत या संशोधित कर ग्राम सभा के अनुमोदन के लिए भेजती है। ग्रामसभा से अनुमोदित होने के बाद ग्राम पंचायत का बजट जिला मुख्यालय में भेजा जाता है। मुख्यालय में ग्राम पंचायतों का बजट जनपद पंचायतों, जिला पंचायत और उपसंचालक पंचायत को अलग-अलग प्रतियों में पंचायत सचिवों के माध्यम से भेजा जाता है। दरअसल ग्राम पंचायत का बजट ग्राम विकास का मसौदा होता है। हर पंचायत का बजट अलग-अलग होता है और पूरे साल इसी बजट के मुताबिक काम को किए जाने की कोशिश होती है।

## आचार संहिता और पंचायत सचिवों की हड़ताल की वजह से बजट बनाने में हुआ विलंब

### स्थानीय पंचायतों को आर्थिक रुप से संबल बनाने की कोशिश

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद राज्य सरकार की तमाम कोशिशें रहती है कि ग्राम पंचायत स्थानीय आय से आर्थिक रुप से संबल हो। ग्राम पंचायतों को आर्थिक रुप से संबल बनाने के लिए व्यवसायिक परिसर जैसे उपक्रम को महत्व सरकार ने दिया है। प्रदेश की कई ग्राम पंचायतों को खनिज रायल्टी से बड़ी आय मिलती है। कांजी हाउस, तालाब और साप्ताहिक बाजार जैसे पुराने उपक्रम है जहां से पंचायत को इनकम होती है। जो पंचायतें आर्थिक रुप से सक्षम होती है उन गांवों में मूलभूत की जरुरतें आसानी से पूरी हो जाती है। ग्राम पंचायतें प्रस्तावित बजट में विशेष तौर पर स्थानीय आय को वृद्धि करने का प्रस्ताव तैयार करती है।



### तस्वीर होगी साफ



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद अब स्थानीय समितियों के गठन की प्रक्रिया लगभग पूरी होने को है। सभी ग्राम पंचायत का बजट आने के बाद ग्राम्य विकास की तस्वीर तय की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरुप विकास कार्य और सरकारी योजनाओं को गांवों तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। यह तस्वीर भी साफ होगी कि किस गांव की क्या जरुरत है।

**-सरस्वती बंजारे,** अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग

### प्रभावित हुआ है



आचार संहिता की वजह से ग्राम पंचायतों में वार्षिक बजट और पंद्रहवें वित्त आयोग के लिए तैयार होने वाला बजट नहीं बन पाया है। आचार संहिता के बाद पूरे प्रदेश में ग्राम पंचायत के सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। मांगें पूरी होने के बाद जब सचिव काम पर लौटेंगे तब इस दिशा में काम आगे बढ़ेगा। सचिव भी ग्राम बजट को लेकर गंभीर रहते हैं और अभी भी हैं।

**-महेंद्र साहू,** अध्यक्ष सचिव संघ

## खबर संक्षेप



### शतरंज चयन स्पर्धा के लिए बैठक संपन्न

दुर्ग। सर्वसुविधायुक्त शतरंज आयोजन को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ एवं एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा की बैठक हुई। बैठक में अंडर-7, अंडर-9, अंडर-11 व यू-13 आयु समूह की राज्य चयन स्पर्धा का आयोजन एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा में कराने का निर्णय लिया गया। स्पर्धा में अंडर 13 की चैंपियनशिप को फीडे रेटिंग के रूप में कराने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विनीत राजोरिया, छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी, प्रदेश शतरंज संघ के संयुक्त सचिव ईश्वर सिंह राजपूत, फिडे आर्बिटर रॉकी देवांगन शामिल थे। बैठक पश्चात प्रतियोगिता स्थल का मुआयना किया। टूर्नामेंट हाल, खिलाड़ियों के रुकने की व्यवस्था, पैरेंट्स की बैठने की व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उक्त मिनी सब जूनियर का आयोजन छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ तथा एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा के सहयोग से 15 से 19 मई तक एकडेमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा में कराना सुनिश्चित किया गया।

### गर्मी से निजात दिलाने पुलिस को बांटे एक्वाकूल



दुर्ग। पूर्व एल्डरमैन व भाजपा नेता डॉ प्रतीक उमरे ने चिलचिलाती धूप में दायित्वों का निर्वहन करने वाले यातायात पुलिस कर्मियों को शुद्ध पानी के लिए 12 घंटे तक पानी को ठंडा रख सकने वाले एक्वा कूल वाटर बोतल के साथ ही इलेक्ट्रॉल पाउडर का पैकेट मुहैया करवाया। जिससे वो रोज अपनी ड्यूटी पर इलेक्ट्रॉल पाउडर युक्त ठंडा पानी साथ में रख सके। यातायात पुलिस कर्मी तपती सड़क पर चिलचिलाती धूप में ड्यूटी कर रहे है। तेज तपती सड़कों पर ट्रैफिक व्यवस्था को संभाले यातायात पुलिसकर्मियों को छाया भी नसीब नहीं होती है। सिपाहियों को पेयजल की उपलब्धता बनाए रखने, गर्मी व निर्जलीकरण से बचाने के लिए यह पहल किया गया है।

## हाल-ए-किसानी : इस बार किसानों से कर्ज वसूली में 18 फ़ीसदी की कमी

# 83 फीसदी किसानों ने ही जमा की राशि, अब ब्याज के साथ होगी वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

खरीफ वर्ष 2024 में कर्ज लेने के बाद 83 फ़ीसदी किसानों ने ही 15 मार्च तक कर्ज का भुगतान किया है। अब 31 मार्च के बाद इन किसानों को जीरो फीसदी ब्याज का लाभ नहीं मिलेगा, बल्कि जिला सहकारी बैंक इन किसानों से 13 फीसदी ब्याज पर कर्ज की वसूली करेगी। पिछले साल 31 मार्च तक 98 फ़ीसदी किसानों ने कर्ज की राशि जमा कर दी थी। बहरहाल इन किसानों से समितियो द्वारा बैंक ने वसूली शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2024-25 में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा दुर्ग, बालोद और बेमेतरा की किसानों को खरीफ सीजन में 1735 करोड रुपए का कर्ज वितरण किया गया था। सामने आए आंकड़ों के अनुसार 31 मार्च तक 1439 करोड़ 60 लाख रुपए की वसूली तीनों जिले के किसानों से हुई है। तीनों जिलों के किसानों से जिला सहकारी बैंक द्वारा 82.96 फीसदी की वसूली की है। हर साल किसानों को खरीफ फसल के लिए कर्जा लेने के बाद 31 मार्च के पहले राशि का भुगतान करना होता है। इस अवधि में ही किसानों को राज्य शासन द्वारा जीरो फीसदी पर कर्ज दिया जाता है। अन्यथा अप्रैल के बाद किसानों को डिफाल्टर घोषित कर जीरो के बजाय तीन फ़ीसदी अधिभार के साथ प्रचलित ब्याज दर से वसूली होगी। अफसर ने बताया कि, कर्ज की राशि पर 3% अधिभार और वर्तमान ब्याज दर यानी 10 फ़ीसदी इस तरह 13 फीसदी ब्याज में कर्ज की वसूली की जाएगी।

### खास बातें

- 31 मार्च तक हर साल जमा करना होता है कर्ज की राशि
- लंबे समय तक खर्च नहीं पटने पर चक्रवृद्धि ब्याज का भी भार
- मार्च माह तक कर्ज भुगतान करने वाले किसानों को ही मिलेगा जीरो फीस ब्याज का लाभ

### 31 मार्च तक कर्ज का हर साल करना होता है भुगतान



### पिछले साल कर्ज का 98 फीसदी राशि जमा

जानकारी अनुसार वर्ष 2022 खरीफ में दुर्ग, बेमेतरा और बालोद के किसानों ने 1115 करोड़ 54 लाख 67 हजार रूपए का कर्ज लिया था। जबकि पिछले साल वर्ष 2023 में तीनों जिले के किसानों ने 1448 करोड 26 लाख रूपए का कर्जा लिया था। जिसमें 31 मार्च 2024 तक 1407 करोड आठ लाख रूपए यानि 98 फीसदी कर्ज की अदायगी कर दी है। इस साल वर्ष 2024 में 83 फ़ीसदी की वसूली हुई है।

### धान बेचकर लिया नया कर्ज

खरीफ सीजन में कर्ज वितरण किए जाने के बाद बैंक द्वारा धान की कटाई के बाद सोसायटी में बिक्री करने आए किसानों से लिकिंग के जरिए कर्ज वसूलती है। किसानों को पुराने कर्ज की राशि भुगतान करने के बाद बैंक द्वारा नया कर्ज प्रदान कर दिया जाता है। कर्ज लेने वाले किसानों को मार्च माह के पहले कर्ज का भुगतान करना अनिवार्य होता है।

### समिति के सदस्यता सूची से बाहर होंगे किसान

खरीफ सीजन के लिए बैंक द्वारा किसानों को कर्ज वितरण किया जाता है। इस कर्ज को 31 मार्च तक भुगतान करना अनिवार्य होता है। इस अवधि में भुगतान नहीं करने पर किसानों को डिफाल्टर सूची में बैंक रख देती है। वही बैंक द्वारा किसानों को सोसायटी की सदस्यता सूची से हटाकर डिफाल्टर घोषित कर दिया जाता है। जिसकी लिकिंग में वसूली होती है।

### हो रही वसूली

किसानों से संपर्क कर कर्ज की राशि भुगतान करने कहा जा रहा है। मार्च माह तक ही किसानों को जीरो फीस दी ब्याज का लाभ मिलता है, इसके बाद प्रचलित ब्याज दर से कर्ज की वसूली होती है।

**-एसके जोशी,** सीईओ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग

## देवी मंदिर में पहुंचकर हवन आरती में शामिल हुए विधायक



दुर्ग। चैत्र नवरात्रि के अष्टमी पर शहर विधायक गजेन्द्र यादव विभिन्न देवी मंदिर पहुंचे और हवन कुंड में आहुति डालकर शहरवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान खीर पूड़ी और खिचड़ी के भोग भंडारा में हाथ भी बंटाया। इस दौरान मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धांलुओं का अभिवादन कर धर्म आस्था के महापर्व नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा है कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चल कर प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। प्रभु राम आदर्श के प्रतीक हैं और उनके आदर्शों पर चलने से श्रेष्ठ विचारों का निर्माण होता है।

## महाअष्टमी पर निगम परिसर में हवन पूजन व प्रसाद वितरण

दुर्ग। निगम परिसर स्थित मां दुर्गा मंदिर में महाअष्टमी पर हवन पूजन किया गया। कार्यक्रम में महापौर अलका बाघमार, एमआईसी सदस्य नीलेश अग्रवाल, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, जिंतेंद्र राजपूत व अधिकारी-कर्मचारियों के साथ विधि-विधान से विशेष पूजा अर्चना कर हवन किया। इस वर्ष भी नगर निगम परिसर में महाप्रसाद का आयोजन कर नव कन्याओं को भोज में आमंत्रित किया गया। महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने हवन और पूर्णाहुति के बाद कन्या भोज कराया। प्रसाद वितरण में खीर, पुड़ी, हलवा इत्यादि बनाया गया था। इस अवसर पर महापौर श्रीमती अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने अधिकारी व कर्मचारियों सहित शहरवासियो को महाष्टमी व राम नवमी की बधाई व शुभकामनाएं दी।



## बारिश से पूर्व होगी नाले-नालियों की सफाई, महापौर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम के महापौर श्रीमती अलका बघामार और स्वास्थ्य विभाग प्रभारी निलेश अग्रवाल ने महापौर कक्ष में शहर के सफाई व्यवस्था की समीक्षा की है, ताकि इसे बेहतर बनाया जा सके। समीक्षा के दौरान महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने निर्देशित किया है कि स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक व सुपरवाइजारों, सफाई दरोगा अपने अधीनस्थ जोन क्षेत्रों में स्वच्छता से संबंधित प्रत्येक कार्य की मॉनीटरिंग करें और व्यवहारिक तौर पर आने वाली कठिनाईयों और मॉनीटरिंग के दौरान यदि कोई कमी पाई जाती है तो उसे तत्काल दूर कर साफ-सफाई व्यवस्था अधिक सुदृढ़ बनाएं। समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, पीआईयू कुणाल सहित अन्य मौजूद रहें। स्वस्थ विभाग प्रभारी नीलेश अग्रवाल ने शहर की साफ-सफाई व्यवस्था के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की और निर्देशित किया कि सभी प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी अपने अधीनस्थ जोन क्षेत्रों में साफ-सफाई, कचरा एकत्रीकरण, परिवहन व निष्पादन, रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था सहित स्वच्छता संबंधी सभी कार्यों की मॉनीटरिंग करें और साफ-सफाई व्यवस्था में यदि कोई कमी पाई जाती है तो उसे एवं व्यवहारिक रूप से आने वाली कठिनाईयों को तत्काल निराकृत करने की कार्यवाही करें। महापौर अलका बाघमार और स्वास्थ्य प्रभारी नीलेश अग्रवाल ने वर्षा पूर्व नाला.नालियों की सफाई हेतु व्यापक कार्यक्रम तैयार करने व उस पर शीघ्रता से अमल करने के निर्देश दिए।

- शहर की सफाई व्यवस्था की गई समीक्षा



### पुस्तक विमोचन व नवरत्न सम्मान समारोह आज

दुर्ग। भांचा राम की कहानी लक्ष्मण के जुबानी कृतिकार डॉ लक्ष्मण उमरे कौशिक के पुस्तक का विमोचन रविवार को कुर्मी भवन कसारीडीह दुर्ग में होगा। जिसमें माई पहुना डॉ सरोज चक्रधर असिस्टेंट प्रोफेसर शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय गोबरा नवापारा, माई सियान सीताराम साहू श्याम सेवानिवृत प्राचार्य और लोक साहित्यकार पैरी खास पहुना जगदीश देशमुख अध्यक्ष तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़, बीपी चक्रधर, डॉ शिरोमणि माथुर वरिष्ठ साहित्यकार सेनि व्या राजहरा, मोहन चतुर्वेदी संरक्षक रचना साहित्य समिति गुरुर, दुरगा प्रसाद पारकर वरिष्ठ साहित्यकार रिसाली, डॉ रजनीश उमरे प्रोफेसर शासकीय विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग, ऋतुराज साहू अध्यक्ष एवं एम ए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन छत्तीसगढ़ मौजूद रहेंगे।

## स्थापना दिवस पर आज से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भारतीय जनता पार्टी ने अपने स्थापना दिवस और भारतरत्न डॉ बाबासाहब भीमराव अम्बेडकर जयंती के निमित्त आगामी 6 से 14 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन करने जा रही है। सभी कार्यक्रम भाजपा दुर्ग जिला संगठन के अंतर्गत आने वाले समस्त 17 मंडलों के लगभग 807 बूथ स्तर पर आयोजित किए जाएंगे आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने बताया कि पार्टी स्थापना दिवस के मौके पर 6 और 7 अप्रैल को प्रत्येक बूथों, कार्यालयों, अपने-अपने घरों और कार्यकर्ताओं के घरों पर भाजपा का झण्डा फहराया व लगाया जाएगा। दुर्ग जिले में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर 17 मंडलों में कार्यक्रमों के संपादन हेतु बैठकों का आयोजन समाप्ति की ओर है। भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने बताया कि इसी श्रृंखला में 8-9 अप्रैल को सभी मंडल विधानसभा स्तर पर सक्रिय सदस्यों का सम्मलेन रखा जाएगा और फिर 10-11. अप्रैल को ग्राम, बस्ती, बूथों पर घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। उन पर विस्तार से चर्चा भी की जाएगी। श्री कौशिक ने बताया कि डॉ बाबासाहब की जयंती से एक दिन पूर्व 13 अप्रैल को डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 14 अप्रैल को सभी जिला और मंडल मुख्यालय पर माल्यार्पण कर उनके जीवन वृत्त प्रकाश डाला जाएगा और संगोष्ठी का कार्यक्रम रखा जाएगा। इसी प्रकार मंडल बैठक में बूथ और ग्राम प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे। 6 से 14 अप्रैल तक आहूत कार्यक्रमों के लिए जिले से प्रभारी बनाकर भेजे जाएंगे।

- रौशनी से नहा रही भाजपा कार्यालय



## जिला कांग्रेस की कार्यकारिणी में निष्ठावान कार्यकर्ताओं को दिया जाएगा स्थान

# ग्रास रुट पर कांग्रेस संगठन को दी जाएगी मजबूती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



दुर्ग ग्रामीण के जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर का मानना है कि विधानसभा, लोकसभा और स्थानीय निकाय के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने मतदाताओं को सब्जबाग दिखाकर चुनाव जीतने में सफल हुई है। जिसकी वजह से कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में निराशा का भाव पैदा हो गया है। इस निराशा को दूर करने अब हर मुद्दों पर जमीनी संघर्ष को अंजाम दिया जाएगा। 70 के दशक में जैसी मजबूत कांग्रेस थी, कांग्रेस को वैसे ही मजबूत बनाने ग्रास रुट पर कार्य योजना बनाकर आगामी समय में काम किया जाएगा। देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मंशा के अनुरुप कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पार्टी काम करेगी।

- नए जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर से हरिभूमि की चर्चा

नवनियुक्त दुर्ग ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर दिल्ली में देशभर के जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों की बैठक में हिस्सा लिया। इस बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन और लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अहमदाबाद में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक और चिंतन शिविर के लिए जिला अध्यक्षों से राय मांगा। श्री ठाकुर ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन से उन्हें यह दायित्व मिला है। विपरीत समय में पार्टी ने जिले की जिम्मेदारी उनके कंधों पर डाली है। पार्टी की जिम्मेदारी को पूरे विश्वास और क्षमता के साथ पूरा करने का प्रयास करेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी में पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं से रायशुमारी के बाद पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं को सम्मानजनक स्थान दिया जाएगा।

### विचारधारा और मुद्दों को लेकर होगी जमीनी लड़ाई

जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर का कहना है कि दरअसल देश में इस समय विचारधारा को लेकर स्पष्ट संघर्ष है। राजनीतिक मसलों के अलावा बांटने वाली विचारधारा के खिलाफ मजबूती से लड़ने की जरूरत है। कांग्रेस इस दिशा में विचारधारा को मजबूत बनाने और कार्यकर्ताओं को वैचारिक रुप से लड़ने कारगर योजना बनाकर आम लोगों के बीच जाएगी। राज्य और केंद्र सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ अब केवल बयानबाजी ने बल्कि सड़क की लड़ाई को अंतिम रुप दिया जा रहा है। अहमदाबाद शिविर के बाद इस लड़ाई में धार देखने को मिलेगी। स्थानीय मुद्दों को लेकर भी ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों और स्थानीय कार्यकर्ताओं को सजग होकर धरना प्रदर्शन के माध्यम से सरकार और स्थानीय प्रशासन को जागृत करने का काम कांग्रेस करेगी।

### राकेश के अनुभव को देखकर दी गई जिम्मेदारी

राकेश ठाकुर पाटन क्षेत्र के जमीनी नेताओं में गिने जाते हैं। जिला पंचायत सदस्य के तौर पर राकेश हमेशा मुखर रहे। पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेहद करीबी सहयोगी रहे राकेश ठाकुर सन 2018 के विधानसभा चुनाव में जोगी कांग्रेस से पार्टी की टिकट चाही थी लेकिन जोगी कांग्रेस ने टिकट नहीं दिया। इसके बाद राकेश ठाकुर ने भूपेश बघेल की अगुवाई में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। राकेश ठाकुर कांग्रेस की सरकार में प्रदेश अपेक्स बैंक के डायरेक्टर भी रहे। प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी पाटन से जब चुनाव लड़ रहे थे तब भूपेश बघेल को पाटन में चुनाव जीताने राकेश सक्रिय रहे। लेकिन प्रदेश में सरकार जाने के बाद लोकसभा और स्थानीय निकाय में भी कांग्रेस को बेहद निराश होने पड़ा। पार्टी संगठन को मजबूत बनाने फेरबदल के दौर से गुजर रही है। ऐसे मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी राकेश ठाकुर को दी गई है।

## जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों का कलेक्टर ने किया औचक्क निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में विभिन्न जगहों पर चल रहे निर्माण कार्य समूह नल जल प्रदाय योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पीएचई के अधिकारियों के साथ ग्राम अंजोरा ढ समूह नल जल योजना 8.5 एमएलडी, चंदखुरी समूह नल जल प्रदाय योजना 8 एमएलडी और निकुम समूह नल जल योजना 6.5 एमएलडी का मौका निरीक्षण किया। उन्होंने जल शुद्धि संयंत्र के कार्य में प्रगति लाने ठेकेदारों को निर्देशित किया। कलेक्टर श्री सिंह ने अंजोरा ढ समूह नल जल योजना अंतर्गत निर्माण कार्य पर संतोष व्यक्त किया। वहीं चंदखुरी और निकुम समूह नल जल योजना के निर्माण कार्यों पर असंतोष व्यक्त करते हुए कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने धीमी गति से कार्य करने पर ठेकेदार को पेनाल्टी राशि जमा करने के कड़े निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित ठेकेदारों को पाइप लाईन विस्तार कार्य, एमबीआर निर्माण, इंटकवेल निर्माण के कार्यों में तेजी लाने के साथ ही बारिश पूर्व संपूर्ण कार्य पूर्ण करने निर्देशित किया। इस अवसर पर कार्य पालन अभियंता पीएचई उत्कर्ष पाण्डेय और विभाग के एसडीओ एवं उपयंत्री भी साथ मौजूद थे।

# श्री राम नवमीं की हार्दिक शुभकामनाएं...






























विडंबना : देशी-विदेशी प्रजाति के नए व आकर्षक जानवरों और पक्षियों की दरकार

# भिलाई की शान मैत्रीबाग-जू की फीकी हो रही चमक

विमलशंकर झा ▶▶| भिलाई

*ट्विनसिटी सहित अंचल के मनोरंजन के प्रमुख केंद्र मैत्रीबाग चिड़ियाघर का आकर्षण अब सिमटते जा रहा है। शहर की शान रहे इस पर्यटक स्थल की चमक धीरे धीरे फीकी पड़ती जा रही है। अपने श्रम से कीर्तिमानी उत्पादन करने वाले बीएसपी कर्मियों और परिवारों सहित आम पर्यटकों के लोकरंजन और बच्चों के जू- एजूकेशन के लिए जू - में नए और आकर्षक देशी विदेशी वन्य प्राणियों की रौनक बढ़ाने की दरकार है।*

भिलाई इस्पात संयंत्र का मड़ौदा सेक्टर स्थित मैत्रीबाग जू प्रदेश का सबसे बड़ा और पुराना चिड़ियाघर है। भारत और सोवियत रुस की मैत्री का प्रतीक पचास साल पुराना यह चिड़ियाघर भिलाई की शान है। यहां भिलाई दुर्ग व अंचल के साथ प्रदेश के विभिन्न स्थानों से भी पर्यटक तरह तरह के वन्य प्राणियों के दीदार के लिए आते हैं। चिड़ियाघर के साथ कई प्रजाति के फूलों की फुलवारियां, हरेभरे लांन, झील में बोटिंग, झूले आदि भी बच्चों व यंगस्टर के साथ सामान्य सैलानियों को प्रकृति का रोमांच कराते हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षो से यह चिड़ियाघर का आकर्षण कम होता जा रहा है। इसकी प्रमुख वजह चिड़ियाघर की प्रमुख पहचान वन्य प्राणियों की संख्या और प्रजाति निरंतर कम होती जा रही है। यूनियनों और पर्यटकों द्वारा नए और आकर्षक देशी विदेशी जानवरों, पक्षियों और जलचरों आदि की मांग की जा रही है। लेकिन पिछले कुछ सालों से दूसरे जू -से नए वन्य प्राणी एक्सचेंज कर यहां नहीं लाए जा सक रहे हैं। जबकि पिछले कुछ वर्षों में कई वृद्ध वन्य प्राणियों की मौत हो चुकी है, कई बूढ़े हो चुके हैं और कई सिंगल हैं। यूनियनों के मुताबिक बीएसपी के बजट और वन्य प्राणियों की अदली -बदली के सेंट्रल जू अथारिटी ऑफ इंडिया के पेंचीदी नियमों में ढिलाई के साथ प्रबंधन की रुचि बढ़ने से मैत्रीबाग की चमक फिर से तेज हो सकती है।

### जेब्रा, उदबिलाव व गोल्डन पीजेंट का सिमटा रोमांच

जंगल सफारी रायपुर के बाद छत्तीसगढ़ के दूसरे सबसे बड़े चिड़ियाघर मैत्रीबाग जू में करीब डेढ़ सौ हिरणों, 40 सांभर व 13 नील गाय, सहित 35 से अधिक प्रजाति के 4 सौ वन्य प्राणी हैं। रायल बंगाल टाइगर, जेब्रा, गोल्डन पीजेंट, लायनटेल मंकी आदि दर्जनभर नस्ल के कई जानवर व पक्षियों की पहले वृद्ध होने से मौत चुकी है। यहां अभी 1 वृद्ध लायन, 1 तेंदुआ, दो भालू, 1 एडजूटेंट स्टार्क, 1 सारस,बतख, सहित 4 घड़ियाल, 2 क्रोकोडायल, 7 दुर्लभ सफेद बाघ, 4 मोर, 2 लकड़बघ्घे, दो लोमड़ी, 2 जैकाल, दो दर्जन तोते, 12 खरकोश व गिनिपिक, 2 ईमू बर्ड, 1 कड़कनाथ मुर्गा, समेत 2 सेही, दर्जनभर बंदर, 1 कबरबिज्जू, 2 नेवला, 2 गोह, 4 चील व बाज, 13 ग्रे पेलिकान, 4 सामान्य पेलिकान, 4 उल्लू, 12 मृग आदि 4 सौ वन्य प्राणी हैं।






### जू एजूकेशन व वाइट टाइगर हैं आकर्षण का केंद्र

मैत्रीबाग के वन्य प्राणियों का बच्चों के जू एजूकेशन की दृष्टि से खासा महत्व है। यहां के दुर्लभ प्रजाति के वाइट टाइगर के लिए बतौर नर्सरी देश में प्रसिद्ध है। साथ ही सालाना फ्लावर शो व न्यूईयर पर 31 दिसंबर को करीब तीस हजार पर्यटक आते हैं। रोज सैकड़ों सैलानी यहां आते हैं। जू में बोटिंग और बच्चों की रेल गाड़ी भी आकर्षण का केंद्र है। लेकिन बैंगलोर के रायल गार्डन की तरह म्यूजिक फाउंटेन बंद पड़ा है। पर्यटकों ने बताया कि जिस तरह उद्यानों व फुलवारियों को आकर्षक बनाया जा रहा है उसी तर्ज पर यहां और नए देशी विदेशी प्रजाति के वन्य प्राणियों को लाया जाए तो मैत्रीबाग की चमक और बढ़ सकती है।

### नए वन्य प्राणियों के लिए प्रयास

मैत्रीबाग जू को आकर्षक व मेंटेन करने भरसक प्रयास किया जा रहा है। मैत्रीबाग में कुछ नए वन्य प्राणी लाए जाने के लिए सेंट्रल जू अथारिटी से जानवरों की एक्सचेंज के लिए पत्राचार की प्रक्रिया चल रही है। पूर्ण होते ही कुछ जानवर यहां लाए जाएंगे। बच्चों के जू एजुकेशन व वन विभाग के साथ यहां बच्चों के कार्यक्रम भी होते हैं।

-डीजीएम डॉ. एनके जैन,
प्रभारी मैत्रीबाग

## दुर्ग जिले में बढ़ते जल संकट को लेकर ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भीषण गर्मी की वजह से निस्तारी तालाबों में पानी नहीं है। तांदुला जलाशय से 900 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। इधर जर्जर नहरों की वजह से भी सभी माइनरों में पानी सीपेज के रास्ते व्यर्थ बह जा रहा है। नहरों के माध्यम से तालाबों में पानी भरे जाने से लोगों के घरों में लगे हेंडपंपों का जलस्तर भी सुधरेगा। अप्रैल माह में ही हालात बेहद खराब है। मई और जून में स्थिति और भी खराब हो सकती है। 75 फीसद से अधिक हेंडपंपों से पानी ही नहीं आ रहा है। यह स्थिति भिलाई, रिसाली, दुर्ग, भिलाई- 3 चरोदा नगरनिगम क्षेत्रों की है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी यही हालात से लोग जूझ रहे हैं।

गर्मी की दस्तक के साथ ही भिलाई नगर निगम और रिसाली नगर निगम में पेयजल संकट गहराने लगा है। भिलाई नगर निगम के 70 वार्डों में से आधे से ज्यादा वार्डो पेयजल संकट है। रिसाली निगम में वाटर फिल्टर प्लांट भी नहीं है जिसकी बहुत ज़्यादा जरूरत है। यहां 40 वार्डों में से 22 से अधिक

■ आप कार्यकर्ताओं ने पानी को लेकर गिनाई समस्या

वार्डों के लोग पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं। वाटर एटीएम की हालत भी बेहद खराब है। इन समस्याओं को लेकर कलेक्टर को अवगत कराया गया। इस दौरान संगठन मंत्री संजीत विश्वकर्मा, प्रदेश सचिव देविंदर सिंह भाटिया, लोकसभा अध्यक्ष गीतेश्वरी बघेल, सचिव ज्ञान तिवारी, टी. नवीन रेड्डी, शिवा रायडू, अरुण टांडी, अजय रामटेके सहित अन्य मौजूद थे।

विकास तिहार में किया गया भूमिपूजन

## जामुल को मिली 1.62 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिका परिषद जामुल में विकास तिहार का आयोजन कर नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने 1.62 करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया। नपा अध्यक्ष श्री ठाकुर ने बताया कि वार्ड 18 में अकलोर तिराहा के पास महाराणा प्रताप चौक में 20 लाख रुपए की लागत से सौंदर्यीकरण का कार्य होना है।वहीं दूसरी ओर वार्ड 20 में मुक्तिधाम से नहर नाली तक सीसी रोड कार्य 10 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बच्चों और युवाओं के लिए सुरडुंग में 12 लाख रुपए की लागत से बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण भी किया जाएगा। इसी तरह मणिकंचन केंद्र का निर्माण वार्ड क्रमांक 20 में 27 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। सुरडुंग हाईस्कूल में 27 लाख रुपए की लागत टी-प्लांटेशन भी होगा। उन्होंने बताया कि सुरडुंग में स्थित शीतला तालाब का

■ नगर के वार्डों में सीसी व नाले नालियों के होंगे निर्माण

सौंदर्यीकरण 75 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। नपाध्यक्ष ने कहा कि इन कार्यों का सीधा लाभ हर वर्ग को मिलेगा। इस दौरान नपा उपाध्यक्ष सुनीता चन्नेवार, पार्षदगणों में सबीहा करीम खान, खम्हन ठाकुर, रेखराम बंछोर, सरोजनी चंद्राकर, दीपक गुप्ता, निशा चन्नेवार, सीमा यादव, राम प्यारी वर्मा, कविता विश्वाल, रामदुलार साहू, के. राजू, चुम्मन वर्मा, दुर्गा वैष्णव, तिलेश्वर देवांगन, समेत श्यामरतन, बिशेश्वर वर्मा, जितेन्द्र ठाकुर, आत्माराम वर्मा, रमेश ठाकुर,मौजूद थे।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

